

सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



आरोग्य मेले के जरिए मरीजों को मिला इलाज, स्वास्थ्य योजनाओं की पेज: 3

प्रियंका चोपड़ा ने फहाद फासिल की तेलुगु फिल्म 'डोंट पेज: 8

वर्ष : 02 | अंक : 201 | सोमवार 26 अक्टूबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए

वागमण सिमी प्रशिक्षण शिविर मामला : अब्दुल सुभान कुरैशी को सात साल की कठोर कैद

केरल। वर्ष 2007 के वागमण सिमी प्रशिक्षण शिविर मामले में केरल की विशेष अदालत ने आरोपी अब्दुल सुभान कुरैशी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जुड़े मामलों की विशेष अदालत ने फैसला आरोपी द्वारा अपने ऊपर लगे आरोप स्वीकार करने के बाद सुनाया। अदालत ने विभिन्न धाराओं के तहत सुनाई गई सजाओं को एक साथ चलाने का आदेश दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश हफीज मोहम्मद ने महाराष्ट्र के ठाणे निवासी कुरैशी को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 10(ए) के तहत एक साल तथा धारा 20 और 38 के तहत पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत भी सात-सात साल की कैद का आदेश दिया गया। अदालत ने कुछ धाराओं के तहत 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। आरोपी पहले जेल में जितनी अवधि बिता चुका है, उस अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की कथित साजिश में 38 आरोपी शामिल थे। इसी सिलसिले में 10 से 12 दिसंबर 2007 के बीच केरल के वागमण स्थित थंगलपारा में शिविर आयोजित किया गया था। अभियोजन ने आरोप लगाया था कि शिविर में प्रतिभागियों को गोली चलाने, बम बनाने और विस्फोटकों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, मोटरसाइकिल चलाने, चट्टानों पर चढ़ने और जिहाद से संबंधित कक्षाएं आयोजित करने की बात भी सामने आई थी।

झांसी में सड़क जाम और हंगामे के आरोप में पांच किन्नर गिरफ्तार, केस दर्ज

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में बधाई मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद सड़क पर हंगामा करने और यातायात बाधित करने के आरोप में पुलिस ने पांच किन्नरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुष्का उर्फ अभिषेक, पूजा, नयनतारा रशियन, ममता और महावीरन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इनके खिलाफ बलवा, लोक सेवक को चोट पहुंचाने, सरकारी काम में बाधा डालने, सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध करने, अश्लील हरकत और निषेधाज्ञा के उल्लंघन से संबंधित आरोप लगाए गए हैं।

जहरीली शराब से पार्षद सहित दो की मौत, एक गंभीर

जांजगीर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के पामगढ़ में जहरीली शराब के सेवन से पार्षद सहित दो लोगों की मौत हो गई. जबकि एक अन्य व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतकों के परिजनों में शोक का माहौल है। गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शराब पीने के बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां दो लोगों को बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन सक्रिय हो गए। जहरीली शराब के सेवन की आशंका को देखते हुए मामले की जांच की जा रही है। शराब के नमूनों की जांच और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना ने अवैध शराब के कारोबार और उसकी रोकथाम को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने की रूसी संसद के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन से मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रूस की संघीय संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने तथा दोनों देशों की संसदों के बीच सहयोग बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।



बैठक में बिरला ने भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 80 वर्ष पूरे होने को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताकर आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने माना कि नियमित संवाद और संसदीय संपर्क द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने भारत और रूस की संसदों के बीच अंतर-संसदीय आयोग की अगली बैठक आयोजित करने की संभावनाओं पर विचार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के सांसदों और संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के बीच लगातार संवाद से आपसी समझ बढ़ेगी और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। बिरला ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत का समर्थन करने के लिए रूस की प्रशंसा की। दोनों नेताओं ने इस चुनौती से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वय बढ़ाने और विभिन्न देशों के साथ मिलकर प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और भारत की स्थायी सदस्यता के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। ओम बिरला ने इस संबंध में रूस के समर्थन की सराहना की। उन्होंने भारत-रूस संबंधों को और व्यापक बनाने तथा संसदीय सहयोग को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

नासिक कुंभ मेला में मंत्री राणे ने की मुसलमानों के प्रवेश पर रोक की मांग

-कुंभ में केवल हिंदू दुकानदारों को जगह देने की अपील

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के भाजपा नेता और कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने नवी मुंबई में कार्यक्रम के दौरान नासिक कुंभ मेला में मुसलमानों के प्रवेश और दिवाली पर खरीदारी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने अगले साल से शुरू होने वाले कुंभ मेला में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही मेला में केवल हिंदू दुकानदारों को दुकानें लगाने की अनुमति देने की बात कही। उनके बयान से धार्मिक आधार पर भेदभाव को लेकर बहस तेज होने की संभावना है।

महायुति सरकार में मंत्री राणे ने कहा कि जिस तरह मुस्लिम धार्मिक संगठन फतवे जारी करते हैं, उसी तरह कुंभ मेला को लेकर भी आदेश जारी होने चाहिए। उन्होंने मुसलमानों के कुंभ मेला में आने पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया।

दिवाली के मौके पर भी मंत्री राणे ने हिंदू व्यापारियों और ग्राहकों से विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि हिंदू दुकानदारों को केवल हिंदू ग्राहकों को सामान बेचना चाहिए और हिंदुओं को भी हिंदू दुकानदारों से ही खरीदारी करनी चाहिए। उनके इस बयान को व्यापारिक गतिविधियों में धार्मिक पहचान को प्राथमिकता देने की अपील के रूप में देखा जा रहा है।

नितेश राणे इसके पहले भी अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। मदरसों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने आरोप लगाया था कि वहां डॉक्टर और इंजीनियर तैयार करने के बजाय आतंकवादी बनाए जाते हैं। हालांकि, यह उनका आरोप था। महाराष्ट्र में कथित लव जिहाद के खिलाफ कानून को लेकर भी राणे ने सख्त बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कानून के तहत दोषियों को सात साल तक जेल में रहना पड़ सकता है।

कहीं भी होने वाला युद्ध, हर जगह की शांति को खतरे में डालता : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों को लेकर भारत का रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करना पूरी तरह गलत है। आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं मन सकते है उन्होंने वैश्विक शांति के लिए बातचीत, कूटनीति और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट प्रयासों को जरूरी बताया। नई दिल्ली में चिन्मय मिशन की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद विश्व शांति के सामने गंभीर चुनौती है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करने की अपील की। उनके मुताबिक, दुनिया के देशों को साझा खतरे के प्रति सतर्क रहने और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प के साथ खड़े होने की जरुरत है। विदेश मंत्री जयशंकर ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि इतिहास से सबक मिलने के बावजूद कुछ देश आतंकवाद के मुद्दे पर राजनीतिक फायदे और नुकसान को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सभी देश आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति नहीं अपनाते, तब तक इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटना मुश्किल होगा। दुनिया में जारी संघर्षों का उल्लेख कर जयशंकर ने शांति के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷आज के समय में कहीं भी होने वाला युद्ध, हर जगह की शांति को खतरे में डालता है।÷ उनका यह बयान तब आया है, जब यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंताएं बनी हुई हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि किसी भी विवाद का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से निकाला जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक समुदाय से शांति स्थापित करने के लिए मिलकर प्रयास करने की अपील की।



खरगे का नीतीश पर निशाना, समाजवादी विचारधारा के नेता का संघ के साथ जाना दुखद

पटना, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधकर कहा कि समाजवादी विचारधारा से निकले नेता का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा में विश्वास रखने वालों के साथ जाना बहुत दुखद है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर भी कई आरोप लगाए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को बिहार में लोकतंत्र की नींव मजबूत करने वाला प्रमुख नेता बताया। उन्होंने कहा कि श्री बाबू ने जमींदारी प्रथा समाप्त करने और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण काम किए। उनके योगदान ने राज्य में सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया। कांग्रेस नेता खरगे ने आयोजन समिति का आभार जताकर कहा कि बिहार लोकतांत्रिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत की भूमि है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार में कांग्रेस सरकारों के इतिहास का उल्लेख कर कहा कि 1937 में श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में पहली कांग्रेस सरकार बनी थी। इसके बाद 1947 में दूसरी सरकार स्थापित हुई। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासन के दौरान मुख्यमंत्री को प्रीमियर कहा जाता था। वर्ष 1952 के पहले विधानसभा चुनाव के बाद श्रीकृष्ण सिंह मुख्यमंत्री बने रहे और 3 जनवरी 1961 तक इस पद पर बने रहे।

कांग्रेस नेता खरगे ने आरएसएस और भाजपा की विचारधारा की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस की विचारधारा के रहते देश में शांति स्थापित करना मुश्किल होगा। उन्होंने बिहार की जनता से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का समर्थन करने की अपील की और एसआईआर को लेकर लड़ाई को आजादी की दूसरी लड़ाई बताया। राज्यसभा सांसद खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस देश के प्रमुख नेताओं की विरासत को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कथित 'शुद्धिकरण' की घटना का उल्लेख कर मामले की जांच की मांग भी उठाई। खरगे ने दावा किया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जांच का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में राहुल गांधी के हल्द्वानी दौरे के दौरान उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी गई।



मणिपुर में शांति बहाली के लिए 36 समुदायों की समिति बनेगी: मुख्यमंत्री खेमचंद सिंह



इंफाल ,एजेंसी। मणिपुर में शांति, सद्भाव और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार सभी 36 समुदायों के प्रतिनिधियों को शामिल कर एक समिति गठित करेगी। मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने इसकी जानकारी देकर कहा कि इस पहल का उद्देश्य विभिन्न समुदायों के बीच एकता और भाईचारे को बेहतर करना है।

मुख्यमंत्री ने इंफाल स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में पहाड़ी क्षेत्रों के विभिन्न जनजातीय प्रमुखों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे राज्य के सभी समुदायों को एकजुट करने के लिए समिति के गठन की संभावनाओं के बारे में पूछा था। इसके बाद राज्य सरकार ने इस दिशा में पहल करने का प्रस्ताव तैयार किया। इसके पहले 'मेरा हौ चोंगबा' उत्सव के तहत पैलेस कंपाउंड में पहाड़ी क्षेत्रों के जनजातीय प्रमुखों के लिए एक अतिथि गृह का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों के बीच आपसी विश्वास तथा भाईचारे का प्रतीक बताया। खेमचंद सिंह ने एंग्लो-मणिपुर युद्ध और वर्ष 1819 से 1826 के दौरान मणिपुर पर बर्मा के कब्जे के कठिन दौर का उल्लेख कर कहा कि राज्य की भूमि, पहचान और विरासत की रक्षा में सभी समुदायों ने योगदान दिया है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि उत्सव से राज्य में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों की उत्सव में भागीदारी पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पहले इंफाल आने से हिचकिचाते थे, लेकिन इस बार उनकी भागीदारी सकारात्मक संकेत है। 'मेरा हौ चोंगबा' उत्सव विभिन्न समुदायों के बीच एकता, सद्भाव और पारस्परिक सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

2029 तक भारत में चार सक्रिय लांच साइट, इसरो प्रमुख ने भविष्य की योजनाएं बताई

नई दिल्ली , एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि वर्ष 2029 तक भारत में चार सक्रिय प्रक्षेपण स्थल तैयार हो जाएंगे। इससे देश की अंतरिक्ष गतिविधियों का विस्तार होगा और वैश्विक स्तर पर उपग्रह प्रक्षेपण की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसरो का निजीकरण नहीं होगा, हालांकि अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों और स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाई जाएगी।

इसरो प्रमुख नारायणन ने निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में इसरो की भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तूतीकोरिन जिले के कुलसेकरपट्टिनम में करीब 2,000 एकड़ भूमि पर लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के लिए अलग प्रक्षेपण परिसर विकसित किया जाएगा। यहां रॉकेट के विभिन्न हिस्सों और प्रणालियों को जोड़ने, प्रक्षेपण की तैयारी, निगरानी, नियंत्रण और आंकड़े प्राप्त करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसरो प्रमुख के अनुसार, अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से बढ़ती गतिविधियों के लिए निजी उद्योगों के साथ साझेदारी महत्वपूर्ण है। इसरो स्टार्टअप और निजी कंपनियों को तकनीकी विशेषज्ञता तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएगा। इससे आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ उच्च प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

इसरो प्रमुख नारायणन ने गगनयान मिशन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसरो अगले दो महीनों में पहला मानवरहित परीक्षण करने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने से पहले दो और मानवरहित परीक्षण किए जाएंगे। इन परीक्षणों में सुरक्षा प्रणालियों, वातावरण नियंत्रण, आपातकालीन बचाव व्यवस्था और अंतरिक्ष यान की सुविधाओं की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि मिशन के लिए जमीन पर लगभग 8,000 प्रयोग पूरे किए जा चुके हैं और चयनित चार अंतरिक्ष यात्री विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं। भविष्य की योजनाओं में चंद्रयान-5 मिशन शामिल है, जो कि जापान की अंतरिक्ष एजेंसी के सहयोग से विकसित करने की योजना है। इसके तहत लगभग 350 किलोग्राम का रोवर चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य है, जो वहां 100 दिनों तक प्रयोग करेगा।



यूपी चुनाव: सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीट बंटवारे पर पेंच, 60 से शुरु होगा मोलभाव

लखनऊ, एजेंसी । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच गठबंधन में सीटों के बंटवारे का मुद्दा अहम होता जा रहा है। दोनों दलों के बीच सीटों की संख्या को लेकर सहमति बनाना आसान नहीं दिख रहा है। कांग्रेस जहां अधिक सीटों पर चुनाव लड़कर प्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करना चाहती है, वहीं सपा गठबंधन में अपने नेतृत्व और चुनावी रणनीति को प्राथमिकता देना चाहती है। इसके बाद सीटों के बंटवारे पर बातचीत चुनावी प्रदर्शन और जीत की संभावनाओं के आधार पर आगे बढ़ने की उम्मीद है।



चर्चाओं के मुताबिक, कांग्रेस पहले 150 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने की बात कर रही थी, लेकिन अब उसकी दावेदारी 200 सीटों तक पहुंच गई है। दूसरी ओर, सपा अपने आकलन के आधार पर करीब 60 से 65 सीटों से बातचीत शुरू करने की तैयारी में है। हालांकि, सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच अंतिम सहमति सामने आना बाकी है।

सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि गठबंधन में सीटों की संख्या से ज्यादा महत्व जीत की संभावना का है। इसी आधार पर दोनों दलों के संगठन की सक्रियता, स्थानीय नेतृत्व, संभावित प्रत्याशियों और सामाजिक समीकरणों का आकलन किया जा सकता है। बीते चुनावों के नतीजे भी बातचीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 399 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन केवल दो सीटों पर जीत मिली थी। सपा के लिए यह प्रदर्शन कांग्रेस की अधिक सीटों की मांग पर सवाल उठाने का आधार बन सकता है। वहीं, कांग्रेस वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को अपनी दावेदारी के समर्थन में रख सकती है। उस चुनाव में सपा ने 37 और कांग्रेस ने छह लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। विधानसभा क्षेत्रों के लिहाज से सपा को 183 और कांग्रेस को 39 क्षेत्रों में बढ़त मिली थी। सपा से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों का आकलन किया है। इस आकलन में पिछली जीत के साथ संभावित प्रदर्शन को शामिल किया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि बड़ी संख्या में सीटों पर उसकी स्थिति मजबूत रह सकती है।

हालांकि, सपा के सामने अपने लोकल नेताओं और टिकट के दावेदारों को संतुष्ट रखने की चुनौती भी होगी। जिन क्षेत्रों में पार्टी नेताओं को टिकट मिलने की उम्मीद है, वहां सीट कांग्रेस के खाते में जाने से असंतोष पैदा हो सकता है। दूसरी ओर, कांग्रेस को कम सीटें मिलने पर उसके कार्यकर्ताओं में गठबंधन में सीमित भूमिका का संदेश जाने की आशंका है। इसके बाद दोनों दलों के लिए सीटों की अदला-बदली, प्रत्याशियों की स्वीकार्यता और जीत की संभावना के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण होगा।

गोवा में कन्नड़ बोलने से नहीं मिलेगा वोट, मुख्यमंत्री सावंत का कांग्रेस पर निशाना

पणजी , एजेंसी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कांग्रेस पर निशाना साधकर कहा कि राज्य में कन्नड़ भाषा बोलने से वोट हासिल नहीं हो सकते, क्योंकि यहां के लोग कोंकणी भाषा अच्छी तरह समझते हैं। उनका यह बयान कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के गोवा में कन्नड़ भाषा में दिए गए भाषण को लेकर आया है। दोनों राज्यों में राजनीतिक बयानबाजी के बीच यह मुद्दा चर्चा में है। सीएम सावंत ने मुरगांव तालुका में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कोरटालिम विधानसभा क्षेत्र कार्यालय का उद्घाटन कर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि गोवा की अपनी भाषाई और सांस्कृतिक पहचान है तथा यहां के मतदाताओं से संवाद करने के लिए लोकल भाषा और भावनाओं को समझना जरूरी है। दरअसल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आठ अक्टूबर को कांग्रेस की 'गोय राखण यात्रा' के दौरान कोरटालिम में आयोजित जनसभा को कन्नड़ भाषा में संबोधित किया था।

चक्रवात का अलर्ट: ओडिशा के पांच जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद, अधिकारियों की छुट्टियां रद्द

भुवनेश्वर, एजेंसी । ओडिशा में संभावित चक्रवाती तूफान के खतरे को देखकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आंध्र प्रदेश के तट पर 28 अक्टूबर को भीषण चक्रवात के टकराने की आशंका के बीच ओडिशा के 5 जिलों में स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखने का आदेश दिया है। वहीं, सभी जिलाधिकारियों और महत्वपूर्ण विभागों में तैनात अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर उन्हें तत्काल मुख्यालय लौटने के निर्देश दिए हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव का क्षेत्र बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इसके आंध्र प्रदेश में बापटला और विशाखापत्तनम के बीच 28 अक्टूबर को तट से टकराने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 115 से 125 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है, जो बढ़कर 140 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कहा कि भले ही चक्रवात के आंध्र प्रदेश के तट से टकराने का अनुमान है, लेकिन ओडिशा सरकार किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की सुरक्षा, संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को निकालने और आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री मांझी के अनुसार, गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरि जिलों में 28 और 29 अक्टूबर को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहने वाली है। अन्य जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद करने का निर्णय संबंधित जिलाधिकारी स्थिति के आकलन के बाद लेने वाले है। मौसम विभाग ने 27 से 29 अक्टूबर तक ओडिशा में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। 28 अक्टूबर के लिए पांच जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। कुछ स्थानों पर 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हो सकती है। दक्षिणी और तटीय इलाकों में 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। प्रशासन ने मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है और आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियां तेज कर दी हैं।

संपादकीय

भारत-अमरीका तेल गठबंधन

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप अचानक इतने विनम्र और दोस्ताना क्यों हो गए हैं? भारत के लिए अच्छी-अच्छी बातें करने लगे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भारत के साथ व्यापार-समझौता जरूर होगा। ट्रंप लगातार बयान देते रहे हैं कि यह समझौता अंतिम चरण में है। अमरीकी राष्ट्रपति ने अपने प्रतिनिधि के तौर पर विदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रूबियो को भारत भेजा। तीन दिन के प्रवास के दौरान रूबियो ने भारत को 'रिफाइनिंग सुपरपॉवर' करार दिया। उन्होंने रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी के अलावा अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन सरीखे शीर्ष उद्योगपतियों से मुलाकातें कीं। यह कमर्शियल कूटनीति का स्पष्ट संकेत है। अमरीकी विदेश मंत्री को रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी तक जाना पड़ा, क्योंकि वह जानते हैं कि वेनेजुएला के सल्फर-बहुल, भारी, निम्न दर्जे के कच्चे तेल का शोधन जामनगर रिफाइनरी ही कर सकती है। रिफाइनिंग के क्षेत्र में भारत अमरीका, चीन, रूस के बाद चौथा सक्षम देश है और जामनगर समेत भारत की 23 रिफाइनरियां दुनिया में 21 फीसदी से अधिक भागीदारी निभा रही हैं। अमरीका और यूरोप भारत के पेट्रो उत्पादों-डीजल, पेट्रोल, विमान ईंधन आदि-के बड़े खरीददार हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था और प्रभुत्व का यह नया चेहरा तब सामने आया है, जब अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने राष्ट्रपति ट्रंप की इच्छा जाहिर की है कि तेल के क्षेत्र में भारत-अमरीका गठबंधन बनाया जाए। भारत अमरीका का रणनीतिक साझेदार तो है, लेकिन भारत अपनी तेल-जरूरतों की पूर्ति अमरीका के जरिए कर सकता है। इस तरह अमरीका भारत के साथ संबंधों को नया आधार, आयाम और नई मजबूती देने का पक्षधर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 100 फीसदी टैरिफ थोपने वाला कानून फिलहाल ठंडे बस्ते में रख दिया है, क्योंकि खुद अमरीका रूस से डीजल का आयात कर रहा है। नए परिदृश्य में हमने अमरीका से जनवरी-सितंबर में करीब 1.28 लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन खरीदा था, लेकिन अक्तूबर में यह आयात घटा कर करीब 91,000 बैरल करना पड़ा। अमरीकी तेल कई दिनों बाद सप्लाई होता है और परिवहन की लागत के कारण महंगा भी पड़ रहा था।


भारत अमरीका से 8 अरब डॉलर से अधिक का तेल आयात करता है। बहरहाल भारत ने रूस से तेल का आयात जारी रखा है, लेकिन खाड़ी देशों पर निर्भरता काफी कम कर दी है। ईरान युद्ध और समुद्री मार्ग की नाकेबंदी बुनियादी वजह हो सकती है। चूंकि वेनेजुएला दुनिया में सबसे बड़ा तेल-उत्पादक और निर्यातक देश है, उस पर अब अमरीका का कब्जा है, लिहाजा विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने विकल्प रखे हैं कि भारत अब रूस के बजाय अधिकतम तेल अमरीका से ही आयात करे। अमरीका ने अब प्रतिबंधों की भाषा बोलनी बंद कर दी है। अमरीका वेनेजुएला का भारी तेल रिलायंस रिफाइनरी से ही शोधित कराना चाहता है, डाटा क्षेत्र में भी अंबानी, अदाणी समूहों की काफी सक्रिय भूमिका है, लिहाजा आज अमरीका अप्रत्याशित रूप से विनम्र दिख रहा है और भारत के साथ तेल गठबंधन की बात कर रहा है। कभी अमरीका भारत को 'बाजार और उद्योग की चींटी' मानता था, लिहाजा बात करना भी अपना अपमान समझता था, लेकिन अब विश्व और व्यापार के समीकरण बदल चुके हैं। भारत अब विश्व-व्यवस्था में महाशक्ति के तौर पर मौजूद है। यह नए दौर, नई व्यवस्था, नई 'सुपरपॉवर' के साथ नए किस्म के राजनयिक संबंधों की शुरुआत है। वैसे भी राष्ट्रपति ट्रंप अभी अपनी राजनीति और लोकप्रियता के निम्नतम पायदान पर हैं, उन्हें करीब 31 फीसदी लोग ही समर्थन दे रहे हैं, करीब 68 फीसदी अमरीकी उनकी आर्थिक नीतियों के खिलाफ हैं, उनमें 37 फीसदी रिपब्लिकन समर्थक भी हैं, लिहाजा उन्हें कुछ कर दिखाने की जरूरत है। अमरीका को पेट्रो उत्पादों की सख्त जरूरत है, डीजल-पेट्रोल के दाम अप्रत्याशित स्तर पर बताए जा रहे हैं, ईरान युद्ध में अमरीका के करीब 265 अरब डॉलर फूंक दिए जा चुके हैं, लिहाजा ट्रंप रक्षात्मक स्थिति में हैं कि लोकप्रियता को कैसे बहाल किया जाए? भारत इस संदर्भ में मदद कर सकता है, क्योंकि तेल-शोधन की उसकी क्षमताएं अमरीका भी जान चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत ट्रंप पर निर्णायक विश्वास करने का जोखिम उठा सकता है? ट्रंप की जिस तरह की गतिविधियां रही हैं, उनको देखते हुए उन पर विश्वास करना कठिन है। वह पहले दिन कहते हैं कि इरान से जंग खत्म होने वाली है, और दूसरे दिन कहते हैं कि अमरीका उस पर निर्णायक प्रहार करेगा। पहले दिन कहते हैं कि भारत पर ज्यादा टैक्स नहीं लगेगा, दूसरे दिन सौ प्रतिशत कर लगाने की बात दोहराते हैं। इस तरह की उनकी मनोस्थिति में उन पर विश्वास नहीं होता है।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

सऊदी अरब में व्यभिचार के जुर्म में फांसी से उपजे सवाल



तनवीर जाफ़री

सऊदी अरब की अल मजाल कंपनी में काम करने वाले बांग्लादेश के दो नागरिकों नज़रुल इस्लाम अब्दुल बासिर (पुरुष-22) और स्वीटी अख़्तर (महिला) को गत 14 अक्टूबर को मक्का क्षेत्र में मृत्युदंड दे दिया गया। नज़रुल इस्लाम बांग्लादेश के ब्राह्मणबाड़िया ज़िले के रहने वाले थे जबकि स्वीटी अख़्तर तंगाइल ज़िले की निवासी थीं। यह दोनों एक दूसरे के दोस्त थे और 2022 के अंत में सऊदी अरब पहुँच कर वहाँ की अल मजाल नामक कंपनी में सफ़ाई कर्मचारी के रूप में काम करने लगे थे। उन्हें मई 2023 में सऊदी अरब की पुलिस ने गिरफ़्तार किया था। उन पर आरोप था कि इन दोनों ने सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का की एक मस्जिद के कमरे में अवैध व अनैतिक रूप से यौन कृत्य किया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा अधिकारियों ने इन दोनों को पवित्र शहर मक्का के भीतर एक मस्जिद परिसर में इसी अभद्र कृत्य करने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ़्तार किया था। इस मामले में 39 महीने तक यह दोनों जेल में रहे और इस बीच सुनवाई चलती रही। सऊदी गृह मंत्रालय के अनुसार इस घटना की गहन जांच की गई। उसके बाद निचली अदालत में मुक़दमा चला। इसके बाद 13 न्यायाधीशों के पुनर्विचार करने वाले एक उच्च पैनल ने भी इस सज़ा को बरक़रार रखा, जिसके बाद ही शाही फ़रमान के ज़रिए इसे लागू किया गया। सऊदी अधिकारियों के अनुसार, यह अपराध मक्का क्षेत्र में एक पवित्र मस्जिद परिसर के भीतर हुआ था। इस्लाम धर्म में मक्का और वहाँ की मस्जिदों को बेहद पवित्र माना जाता है। सऊदी न्यायशास्त्र के अनुसार, ऐसे स्थानों पर अनैतिक कृत्य करना एक गंभीर धार्मिक और क़ानूनी अपराध है, जिसके लिए कठोरतम सज़ा का प्रावधान है। फांसी की यह सज़ा ताज़ीर के तहत दी गई थी। शरिया में ताज़ीर उन अपराधों के लिए होता है जिनकी सज़ा क़ुरान या हदीस में तय नहीं होती, बल्कि न्यायाधीश स्वयं अपराध की गंभीरता और समाज पर उसके प्रभाव को देखते हुए मौत की सज़ा तक का फ़ैसला ले सकते हैं। ताज़ीर क़ानून का अर्थ एक ऐसी सज़ा जो इतिहास में भूली न जा सके और जिसे सुनकर कोई भी व्यक्ति कभी भी ऐसी हरकत करने की भी ना सोचे। इस सज़ा की भले ही बांग्लादेश सहित विभिन्न मानवाधिकार संगठनों द्वारा आलोचना क्यों न की जा रही हो परन्तु सऊदी अरब के गृह मंत्रालय और न्यायिक अधिकारियों के दृष्टिकोण से इस सज़ा को उनके देश के क़ानूनों के अनुसार उचित माना गया है। फांसी देने के बाद सऊदी गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि सऊदी हुकूमत न्याय की रक्षा करने , सुरक्षा बनाए रखने और मस्जिदों की पवित्रता व मर्यादा का उल्लंघन करने वाले या दूसरों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के ख़िलाफ़ इस्लामी शरीया क़ानून सख़्ती से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। जो भी ऐसा अपराध करेगा उसका अंजाम यही होगा। सऊदी अरब का मानना है कि एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में उसे अपने देश की सीमाओं के भीतर अपने क़ानूनों को लागू करने का पूरा अधिकार है। ग़ौरतलब है कि वहाँ की न्याय प्रणाली पूरी तरह से इस्लामी शरिया क़ानून पर आधारित है।

परन्तु इस घटना के बाद बांग्लादेश और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक तनाव गहरा गया है। बांग्लादेश सरकार और जेद्दा स्थित बांग्लादेशी महावाणिज्य दूतावास को इस फांसी के बारे में पहले से कोई सूचना या जानकारी नहीं थी। हालांकि गत सितंबर में सऊदी अरब द्वारा साझा की गई 2,500 क़ैदियों की सूची में इन दोनों के नाम ज़रूर थे परन्तु उनके नाम के साथ उन्हें दी जाने वाली मौत की सज़ा का कोई ज़िक्र नहीं था। बल्कि गोपनीय दस्तावेज़ों के मुताबिक़ स्वीटी अख़्तर पर व्यभिचार और नज़रुल इस्लाम पर साइबर अपराध के अलग-अलग आरोप दर्ज थे। इसीलिये बांग्लादेश ने इस गुप्त फाँसी पर गंभीर आपत्ति जताई है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शाहिदुल करीम और राज्य मंत्री शमा ओबैद इस्लाम ने कहा कि वियना कन्वेंशन ऑन कांसुलर रिलेशंस के तहत यदि किसी विदेशी नागरिक को गिरफ़्तार किया जाता है या मौत की सज़ा दी जाती है, तो उसकी जानकारी संबंधित देश के दूतावास को देना अनिवार्य है। परन्तु सऊदी अरब ने बांग्लादेशी वाणिज्य दूतावास को सूचित किए बिना गुपचुप तरीक़े से फांसी दी इसलिये इसे राजनयिक स्तर पर पूरी तरह अनुचित माना गया है। इसीलिये ढाका ने आधिकारिक तौर पर सऊदी अरब से अदालतीफ़ैसलों की प्रतियां, अपराधों का पूरा विवरण और बिना सूचना दिए फांसी देने का कारण पूछा है। बांग्लादेश की जनता में भी इस घटना को लेकर गहरा दुख और आक्रोश है। स्थानीय सोशल मीडिया और स्थानीय मीडिया में इस संबंध में अपनी सरकार की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वहां के लोग इस घटना की तुलना श्रीलंका के नागरिक अनोजन सिवारसा के मामले से कर रहे हैं, जिसकी ईश निंदा की मौत की सज़ा को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक दबाव के बाद सऊदी अरब ने इसी महीने रद्द कर दिया था। इसके अतिरिक्त एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच जैसी वैश्विक संस्थाओं ने भी सऊदी अरब की न्यायिक प्रणाली और मृत्युदंड की बढ़ती दरों पर एक बार फिर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस बात की आलोचना की है कि बिना पारदर्शी अदालती कार्यवाही, बिना उचित क़ानूनी प्रतिनिधित्व के, और गुप्त रूप से विदेशी नागरिकों को फाँसी देना मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। ग़ौरतलब है कि सऊदी अरब में वर्तमान में क़रीब 35 लाख बांग्लादेशी प्रवासी मज़दूर रहते हैं, जो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था के लिए प्रेषित धन का मुख्य माध्यम हैं।

संविधान सर्वोपरि, मूल अधिकारों में छेड़छाड़ नहीं कर सकती संसद!



सोहिल जैन

मौलिक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता, मताधिकार, संवैधानिक संस्थाओं की शक्ति पर संसद के अधिकार सीमित...

भारतीय संविधान केवल शासन चलाने का दस्तावेज नहीं, बल्कि नागरिकों की स्वतंत्रता, समानता और लोकतांत्रिक अधिकारों का संरक्षक है। संसद को संविधान में संशोधन करने का अधिकार अवश्य है, लेकिन यह अधिकार असीमित नहीं है। संसद के दोनों सदन मिलकर भी संविधान के मूल ढांचे को समाप्त नहीं कर सकते। यही भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी संवैधानिक शक्ति है। 26 नवंबर 1949 को संविधान अंगीकृत किया गया, 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान निर्माताओं ने ऐसी व्यवस्था बनाई, जिसमें संसद, सरकार और न्यायपालिका सभी संविधान के अधीन अपने कर्तव्यों और अधिकारों का पालन करें। संसद कानून बना सकती है, सरकार उनका क्रियान्वयन कर सकती है, न्यायपालिका को समीक्षा का अधिकार दिया गया। किसी को भी संविधान की मूल भावना को कम या नष्ट करने का अधिकार नहीं है। भारतीय संस्कृति में ब्रह्मा विष्णु और महेश तीनों भगवानों के पास अलग-अलग दायित्व हैं। संविधान निर्माताओं ने भारतीय संस्कृति में नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए इन्हीं तीन शक्तियों को विधायक का कार्यपालिका और न्यायपालिका के रूप में स्वीकार किया जनता जनार्दन अपनी मर्जी से सरकार चुनेगी, चुने हुए प्रतिनिधि जनता की इच्छा को सर्वोपरि मानते हुए जनता के अधिकारों की रक्षा करेंगे।यह भारतीय संविधान की मूल भावना है। संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता को ही राजा माना गया है।

संसद की शक्ति पर सुप्रीम कोर्ट की ऐतिहासिक मुहर

24 अप्रैल 1973 को सुप्रीम कोर्ट ने केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया। 13 न्यायाधीशों की पीठ ने 7-6 के बहुमत से स्पष्ट किया। संसद अनुच्छेद 368 के तहत संविधान के किसी भी प्रावधान में संशोधन कर सकती है, लेकिन संविधान के मूल ढांचे मैं छेड़छाड़ और उसे समाप्त नहीं कर सकती है । इस फैसले ने संसद की संशोधन शक्ति की संवैधानिक सीमा निर्धारित कर दी हैं। लोकतंत्र, कानून का शासन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, न्यायिक समीक्षा और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव जैसी विशेषताएं संविधान के मूल ढांचे से जुड़ी हुई हैं। इसका अर्थ है कि संसद अपने बहुमत के बल पर ऐसी व्यवस्था स्थापित नहीं कर सकती, जिसमें नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकार और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता समाप्त हो जाए। इस मामले में विधायिका और कार्यपालिका के अधिका भी सीमित हैं।

मौलिक अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

भारतीय संविधान के भाग तीन में अनुच्छेद 12 से 35 तक मौलिक अधिकारों का प्रावधान है। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता, अनुच्छेद 19 नागरिक स्वतंत्रताओं, अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 25 से 28 धार्मिक स्वतंत्रता से संबंधित प्रावधान हैं। अनुच्छेद 32 नागरिकों को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन होने पर सीधे सुप्रीम कोर्ट जाने का अधिकार देता है। संविधान का संरक्षक सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को बनाया गया। उच्च न्यायालयों को अनुच्छेद 226 के अंतर्गत रिट के माध्यम से अतिरिक्त शक्ति प्राप्त है। जो विधायिका और कार्यपालिका के ऊपर न्यायपालिका की नियंत्रण शक्ति है। इसका अर्थ यह नहीं है, मौलिक अधिकारों से संबंधित किसी भी प्रावधान में संशोधन नहीं हो सकता है। संसद संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार संशोधन कर सकती है। लेकिन ऐसे सभी संशोधन न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं। संविधान के मूल ढांचे में संसद भी छेड़छाड़ नष्ट नहीं कर सकती है।

आपातकाल ने सिखाया संवैधानिक सीमाओं का महत्व

1975 से 1977 के आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं और न्यायिक समीक्षा पर गंभीर सवाल उठे। वर्ष 1976 के 42वें संविधान संशोधन ने संसद की संशोधन शक्ति को व्यापक बनाने और न्यायिक समीक्षा को सीमित करने के प्रयास किए थे । 1980 में मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 42वें संशोधन के उन प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जिसमे संसद की संशोधन शक्ति को असीमित बनाने और न्यायिक समीक्षा को समाप्त करने का प्रयास किया था। अदालत ने स्पष्ट किया, सीमित संशोधन शक्ति स्वयं संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है।

मतदान का अधिकार, लोकतंत्र और संविधान की असली ताकत

मतदान भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है। अनुच्छेद 326 मे लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों में वयस्क मताधिकार का संवैधानिक आधार प्रदान करता है। मतदान के अधिकार की कानूनी प्रकृति मौलिक अधिकारों से अलग है। इसे संविधान और चुनाव संबंधी कानूनों के प्रावधानों के अनुसार समझना आवश्यक है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नागरिक के मूल अधिकार तथा लोकतांत्रिक शासन संविधान के मूल ढांचे के महत्वपूर्ण अंग हैं। इसलिए संसद या सरकार ऐसी व्यवस्था नहीं बना सकती, जो लोकतंत्र की बुनियादी अधिकारों को नष्ट या सीमित कर सके। संसद को संविधान से शक्ति प्राप्त होती है। संविधान संसद ने नहीं बनाया। विधायिका को बहुमत के आधार पर सरकार बनाने का अधिकार मिलता है। संविधान की मूल भावना को समाप्त करने का अधिकार संसद के पास नहीं है । भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक मजबूती इसी में है, जिसमे नागरिकों के अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और निष्पक्ष चुनाव सरकार की इच्छा पर नहीं, बल्कि संवैधानिक मर्यादाओं और परंपराओं पर आधारित हों।

न्यायपालिका की समक्षा के अंतर्गत संवैधानिक संस्थाएं

भारत में सभी संवैधानिक संस्थाएं जिन्हें संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं, वह सभी न्यायपालिका की समीक्षा के अंतर्गत आते हैं। चुनाव आयोग भी न्यायपालिका की समीक्षा के अंतर्गत है। चुनाव आयोग को ऐसे कोई अधिकार संविधान से नहीं मिले, जिससे वह अपनी मनमानी कर सके। चुनाव आयोग को भी नियमों के अंतर्गत काम करना होगा। चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर प्राप्त हों, सभी नागरिक अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर पायें। इसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग के पास है, वह भी जवाबदेह है। पिछले कुछ वर्षों से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और चुनाव आयोग पर सरकार की दखलंदाजी बढी है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से दूरी बनाई। चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में वह निष्पक्षता देखने को नहीं मिली। जो इसके पहले चुनाव आयोग में देखने को मिलती थी। मतदाता सूचियां को लेकर भी जिस तरह के बदलाव किए गए। बीएलओ और ईआरओ के अधिकार चुनाव आयोग ने सीमित कर दिये चुनाव व्यवस्था का केंद्रीयकरण करते हुए चुनाव परिणाम भी केंद्रीकृत व्यवस्था से किए जाने लगे, जिसके कारण देश भर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा जा रहा है। देश में पहली बार चुनाव आयोग के प्रति इतना अविश्वास देखने को मिल रहा है।

देश भर में आंदोलन चल रहे हैं। स्वतंत्रता की बात से अभी तक के इतिहास में पहली बार 13 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। नागरिकों के अधिकार को चुनाव आयोग द्वारा चुनौती दी गई है। ऐसा करने का उसके पास कोई अधिकार भी नहीं था। ऐसी स्थिति में सभी संवैधानिक संस्थाओं को समझना होगा,उनके अधिकार और जिम्मेदारी दोनों ही समीक्षा के अधिकार और जवाबदेही से अलग नहीं हैं। कोई भी संस्था संविधान से मिले अधिकारों का दुरुपयोग या मनमानी नहीं कर सकती है।

करुणामई साक्षात प्रतिभूति थे महर्षि वाल्मीकि जी




(मनोज वाल्मीकि)

सुनो वाल्मीकि की अमर कथा रामायण हमें बताती है,
सत्य कर्म और धर्म पर चलना हमको रोज सिखाती है
यही पंतिया मानव समाज के लिए अनमोल है।

किसी पक्षी का बहता रुधिर देखकर हृदय को अत्यंत संताप पहुंचना तथा शोक मगन हो जाना अपने आप में अद्वितीय उदाहरण है। तथा इससे यह सिद्ध होता है कि आदि कवि वाल्मीकि जी करुणा के सागर एवं साक्षात प्रतिभूति थे, विद्वानों के मतानुसार उक्त पंक्तियां विश्व की सर्वप्रथम काव्य पंक्तियां हैं। इसी कारण महर्षि वाल्मीकि जी को आदि कवि के रूप में प्रतिष्ठित किया जाता है। चूंकि क्रौंच वध को देखकर विषाद क्षोम की स्थिति में ये पक्तियां प्रस्फुटित हुई थी। अंतते परम्परा भी यही कहती है, स्लोकत्व मापद्यत यस्य शोक अर्थात जिनकी व्यथा एक श्लोक एक वद्य के रूप प्रकट हुई, कालांतर मैं महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना रामकथा से संबंधित रघुवंश कंबन रामायण, आध्यात्मिक रामायण, तथा रामचरित्र मानस आदि अनेक ग्रंथ उपलब्ध हैं किंतु आदि कवि महर्षि वल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण रामकथा की मौलिक प्राचीनतम एवं प्रमाणित रचना है जिसमें 24000 श्लोक समाहित हैं। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखी रामायण एक ऐसा महाकाव्य है जिसे केवल भारतवर्ष संपूर्ण संसार को संस्कारों व आदर्श की डोर से बांधे हुए हैं। अब यह है केवल धार्मिक अथवा भारतीय महाकाव्य ही नहीं बल्कि संपूर्ण संसार की कृति के रूप में पहचाना जाता है इस माह ग्रंथ के शाश्वत मूल्य सभी पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ते हैं, साथ ही राम के समान जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करते हैं ज्ञान, विद्या, कर्तव्य, व्यवहार, नीति, राजनीति, निस्वार्थ कर्म, परहित, मित्रता, बंधुत्व, त्याग, बलिदान, प्रशासन, धर्म, भक्ति, मुक्ति, आदि की शिक्षा रामायण महाग्रंथ से स्वत ही मिल जाती है। महर्षि वाल्मीकि जी ने प्रसिद्ध राम कथा के माध्यम से अपनी अलौकिक काव्या तूलिका द्वारा वेदों और उपानषदो मे वर्णित सर्वोच्च मानव संस्कृति के शाश्वत और वर्णित तत्वों का एक आकर्षक भव्य और अद्भुत चित्रण प्रस्तुत किया है। जो प्राचीन होते हुए भी नवीन है, मानवीय होते हुए भी दिव्य है।

आदि कवि वाल्मीकि के जीवन परिचय के विषय में भारतीय इतिहास लगभग मौन है, उनके द्वारा रचित रामायण तथा योग वशिष्ठ हमारे समक्ष हैं किंतु इन रचनाओं से भी इस संबंध में कोई सहायता प्राप्त नहीं होती है। विभिन्न धर्म ग्रंथों में महर्षि वाल्मीकि जी के विभिन्न रूप दृष्टिगोचर हैं। व्याकरण बाल्मीकि, विष्णु भक्त वाल्मीकि, कई पुराणों में भार्गव वाल्मीकि, आदि प्रमुख हैं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के आदि ग्रंथ वेदों के अनुसार वर्गविहीन, शोषण रहित, एवं सुखो संपन्न समाज की अभिलाषा की गई है, जिसका पालन वाल्मीकि रचित रामायण में स्पष्ट किया गया है। रामायण में समाज में व्याप्त असमानता शोषण वर्ग भेद एवं



जातिवाद पर प्रबल आघात किया गया है। राम का दलित प्रेम हमारी परंपरागत साम्य एवं एक्यू भावना का परिचायक है। महर्षि वाल्मीकि ने राम द्वारा विभिन्न भाषा भाषी एव भूषधारी, वानरों, भील, कोल, किरातों, आदिवासियों से संपर्क किया जाना विचित्र है। समस्त राष्ट्र को एक माला में पिरोने का मार्ग प्रशस्त किया। रामायण एक ऐसी अनुपम एवं उत्कृष्ट रचना है जिसमें हमें मानव की प्रतिष्ठा दुष्टों का प्रकृति चित्रण तथा युद्ध कला के दर्शन ही होते हैं। रामायण मै हमें साहित्य के सभी रसो का आस्वादन प्राप्त होता है, किन्तू रामायण केवल काव्य -शास्त्र की दृष्टि से ही मुल्यांयांकन करना श्रेयस्कर नहीं होता। साहित्य निश्चय ही समाज का दर्पण और वाल्मीकि जी ने अपने महाकाव्य में तत्कालीन समाज का जो चित्रण किया वह अपने आप में एक महत्वपूर्ण अमूल्य ओर आज भी प्रासंगिक है। यदि वाल्मीकि जी को युग दृष्टा कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी, उन्होंने अपनी रचित रामायण के द्वारा साहित्य एवं समाज में उन परंपराओं जीवन मूल्यों का जो चित्रण प्रतिपादन किया है जो आज भी अनुकरणीय एवं जीवन के अनमोल है, आज्ञाकारी पुत्र, जेष्ठ भ्राता, के समक्ष लघु भ्राताओं का नत मस्तक होना, पति के सुख मैं ही पत्नी को सुख प्राप्त होने की अनुभूति करना, वनवास के समय दलितों, भील, कोल-किरातो से प्रेम एवं सौहार्द का व्यवहार ऐसे जीवन मूल्य हैं जो सदा सर्वदा प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। हनुमान जी जो कि निश्चय ही दलित वर्गो से संबंधित थे की लोकप्रियता स्वामीभक्ति वीरोचित एव थीरोदत्त क्रत्य भारतीय लोक मानस के लिए श्रद्धा के पात्र हैं जिनका श्रय आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी को ही जाता है। आज भी हमारे देश में कविता की मूल प्रेरणा और उसकी प्रक्रिया का कोई विवेचन इस श्लोक को उदधृत को ही जाता है, और उसकी प्रक्रिया का कोई विवेचक इस श्लोक को उदधृत के बिना पूर्ण नहीं होता। राम जन्मभूमि जो कि मातृभूमि से अगाध प्रेम सम्मान का सूचक है। रामायण से हमें रक्षा करने की प्रेरणा मिलती है।

आदि कवि वाल्मीकि जी का संदेश भारतीय गणतंत्र में जहां विभिन्न धर्मों जातियों एवं संस्कृतियों के लोग निवास करते हैं आज भी वाल्मीकि रामायण अजर अमर एवं अनुकरणीय है। यह वाल्मीकि जी की लेखनी का ही चमत्कार है कि उनका नायक लंका विजय के पश्चात वहां का राज्य लंका पति रावण के भाई विभीषण को जरा भर भी सोच विचार किए बिना राज सिंहासन सम्मान के साथ सोपा। विश्व इतिहास साहित्य में यह घटना भारत का सम्मान से दो उन्नत रखेगी तथा इस बात का प्रमाण रहेगी कि भारतीय अपने अपमान का प्रतिकार प्रतिशोध तो करते है, किंतु किसी का राज्य नहीं हड़प्पा, विस्तृत वाल्मीकि जी की मेहता केवल इसलिए नहीं है कि उन्होंने रामायण एवं योगवशिष्ठ की रचना की वर्णन इसलिय कुटुम्बकम का उद्बघोष भी दिया है। भारतीय समाज में ही नहीं अपितु विश्व भर के लोग हजारों साल पहले लिखी गई वाल्मीकि रामायण के सिद्धांतों पर आज भी चल रहे हैं जिसका उदाहरण भाई से भाई का बहन का भाई से मात-पिता का बेटे बेटी समेत विभिन्न रिश्ते नातों की डोर बंधे हुए हैं, जिसका पालन करना है। यह भी प्रमाणित है कि भारत के महानगरों और ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रतिवर्ष रामलीला का मंचन होना और वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस मना कर महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों और सिद्धांतों से सीख लेना शामिल है।

अमरोहा

हिंदी दैनिक
सब का सपना 3

मंडी धनौरा में सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल से खाद वितरण कार्य ठप, बुवाई की फसलें प्रभावित



धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा में सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल से खाद वितरण करने का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है जिससे किसानों की रबी की फसले एवं आलू की बुवाई की फसल अधिक प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों की यह हड़ताल 22 अक्टूबर से अब तक जारी है। इस मामले में किसानों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। बता दें कि वासीपुर, धनौरा पश्चिमी, पहाड़पुर, चुचैला कलां, बछरायूं की किसान सेवा सहकारी समितियां, क्रय-विक्रय समिति और सहकारी संघ बंद हैं। किसान रोज खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं, पर खाली हाथ लौट रहे हैं।भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के देशराज सिंह, बचन सिंह, ओमपाल टोनिया, रिंकू सिंह, मेजर सिंह, योगेन्द्र सैनी, सुभाष चीमा, फुलवास सिंह, बोबी चाहल, जयपाल सिंह, सौवीर सिंह, मुन्नू गुर्जर, शब्बन चौधरी, कैलाश त्यागी, त्रिलोक उर्फ बंटी अम्हेड़ा, वसीम अहमद, नेमपाल सिंह, अमरपाल दहिया, नरेश गोदारा, शेखर सिद्धू, भूदेव सैनी सहित कई किसानों ने प्रशासन से खाद सप्लाई सुचारु करने की मांग की है।सहकारी समिति यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक चौधरी, लाखन सिंह, सुभाष सिंह, जितेन्द्र पाल, राकेश कुमार, आशू, राजकुमार गिल ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

उनकी मांगें हैं: समयबद्ध पदोन्नति, रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां, वेतन विसंगतियां दूर करना, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न होने तक हड़ताल जारी रहेगी।जिला सहायक निबंधक वरूण अग्रवाल ने बताया कि हड़ताल प्रदेश स्तर की है। क्षेत्र में खाद का पर्याप्त स्टॉक है।पीसीएफ गोदामों और निजी दुकानों के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। कर्मचारियों को समझा-बुझाकर जल्द ही हड़ताल समाप्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यातायात पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान, 352 वाहनों के किए गए चालान





अमरोहा (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को जनपद में व्यापक प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मिशन शक्ति के अंतर्गत एनसीसी की छात्रा कैडेट्स एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। आमजन को भी सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग में कुल 352 ई-चालान किए गए। इसमें बिना हेलमेट के 79, बिना सीट बेल्ट के 05, तीन सवारी 09, नो पार्किंग 20, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने पर 03, बिना लाइसेंस 10, फिटनेस उल्लंघन 01, नंबर प्लेट उल्लंघन 15, ओवरस्पीडिंग पर 200, बिना बीमा 06 और अन्य धाराओं में 04 चालान शामिल हैं। कुल 7 लाख 21 हजार 500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। यातायात पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की है।

आरोग्य मेले के जरिए मरीजों को मिला इलाज, स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी



सम्भल(सब का सपना):- जनपद में रविवार को 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और नौ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 276वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 38 चिकित्सकों और 149 पैरामेडिकल कर्मचारियों ने कुल 2589 मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया। इनमें 1078 पुरुष, 1090 महिलाएं और 421 बच्चे शामिल रहे। मेले के दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 75 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। आरोग्य मेले में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इनमें बुखार के 286, चर्म रोग के 453, दमा के 368, मधुमेह के 95, नेत्र रोग के 15 और उच्च रक्तचाप के 93 मरीज शामिल रहे। इसके अलावा अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का भी उपचार किया गया। बुखार से पीड़ित मरीजों में 29 की मलेरिया और 12 की डेंगू जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सभी जांचों की रिपोर्ट निगेटिव रही। मेले में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अलग काउंटर बनाए गए, जहां लोगों को परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। वहीं, जिलाधिकारी के निदेशों के अनुपालन में आशा कार्यकताओं ने लोगों को सोर्स रिडक्शन और संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत 221 लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श दिया गया। मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेले में पहुंचे 105 मरीजों को टेली-मानस परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने जनपद में आयोजित आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों ने भी विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आरोग्य मेले के माध्यम से लोगों को निःशुल्क उपचार, स्वास्थ्य जांच और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।

धनौरा में 'भागता भारत' के सौजन्य से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन, नन्हे बच्चों व युवाओं ने दिखाया दम





धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा स्थित डिग्री कॉलेज में रविवार को 'भागता भारत' के सौजन्य से एक दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।इस प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों एवं युवाओं ने भागीदारी करते हुए अपना दमखम दिखाया। संस्था की तरफ से इस प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों और युवाओं को फिट रखना और खेलों के प्रति जागरूक करना रहा। बता दें कि कार्यक्रम की शुरूआत 'भागता भारत' के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने की। पूर्व सैनिक सुभाष सिंह, सभासद गौरव धारीवाल, पूर्व सभासद सुभाष चौधरी, शुभम त्यागी, कोच अब्दुल्ला, कोच अंशु, अंकित और साहिल समेत कई लोग मौजूद थे।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे: 400 मीटर लड़कों में पिंटू (प्रथम), दिशू कुमार (द्वितीय), आसमुहम्मद (तृतीय)। 400 मीटर लड़कियों (200 मीटर) में दीपांशी (प्रथम), नैना (द्वितीय), हंसिका (तृतीय)। 800 मीटर लड़कों में नरेंद्र (प्रथम), सुमित (द्वितीय), हिमांशु (तृतीय)। 1600 मीटर लड़कों में नरेंद्र (प्रथम), विपिन (द्वितीय), संदीप (तृतीय)। 200 मीटर लड़कों में वंश (प्रथम), अल्फाज (द्वितीय)।प्रतियोगिता के दौरान सबसे बड़ा आकर्षण छह और सात वर्ष की छोटी बच्चियों की सहभागिता रही, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। एसडीएम कॉलोनी निवासी डोली सागर अपनी परिवार के साथ रहती हैं, जिनकी सात वर्षीय पुत्री नित्या और छह वर्षीय पुत्री रश्मि ने दो सौ मीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। इतनी कम उम्र में दोनों बहनों का उत्साह और मैदान पर उनका जज्बा देखते ही बनता था।अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और सभासद गौरव धारीवाल सहित सभी अतिथियों ने इन छोटी बच्चियों के साथ-साथ उनकी मां का भी विशेष रूप से उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों में ऊर्जा बनाए रखने के लिए केले का भी वितरण किया गया, जिससे संपूर्ण आयोजन में खेल भावना और अनुशासन का अनूठा माहौल देखने को मिला।

गजरौला क्षेत्र में जाल में फंसा तेंदुआ, मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी, पुलिस को दी सूचना



गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के गजरौला कोतवाली क्षेत्र के जंगलों में लगे जाल में रविवार को अचानक एक तेंदुआ आकर फंस गया। वहीं पास से गुजर रहे राहगीरों ने जब यह नजारा देखा तो मौके पर क्षेत्रीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई जिसने घटना की सूचना पुलिस को दी। बता दें कि यह पूरा मामला गजरौला क्षेत्र के मोहरका पट्टी गांव के जंगलों का है जहां एक तेंदुआ जंगल में लगे जाल में अचानक फंसा हुआ मिला। यह तेंदुआ सड़क किनारे झाड़ियों के बीच फंसा था।तेंदुए को देखकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।बताया गया कि गजरौला क्षेत्र के आसपास के इलाकों में लंबे समय से तेंदुए आते-जाते रहते हैं। इस वजह से ग्रामीणों में डर बना हुआ है।वन विभाग की टीम ने तेंदुए को रेस्क्यू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस घटना के बाद इलाके में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर बातचीत हो रही है।

धनौरा वेव शुगर मिल इंडस्ट्री में गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ के हुआ साथ गन्ना पेराई का शुभारंभ,150 लाख कुंतल पेराई का लक्ष्य



धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा में स्थित वेव शुगर चीनी मिल में गन्ने के पेराई सत्र का शुभारंभ हो चुका है। रविवार को इसकी शुरूआत मिल परिसर में पूजा पाठ, मंत्रोच्चारण एवं गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ के साथ की गई। बता दें कि रविवार को उद्घाटन के अवसर पर प्रबंध निदेशक डी एस बिंद्रा, इकाई प्रमुख एसपी तोमर, गन्ना विभाग के प्रमुख जगवीर सिंह और गन्ना उपाध्यक्ष मनोज कुमार मौजूद रहे। पहले दिन किसान यशवीर सिंह निवासी गांव कपसुआ, कावेंद्र सिंह निवासी सैदपुर, लीलावती निवासी हैबतपुर और दिनेश कुमार निवासी अम्हेड़ा मिल पर गन्ना लेकर पहुंचे। मिल प्रबंधन ने इन सभी किसानों की बैलगाड़ी और टिपलर ट्राली की पूजा अर्चना के बाद गन्ने की तौल कर पेराई सत्र की शुरूआत की गई साथ ही इन किसानों को सम्मानित भी किया गया। गन्ना विभाग के प्रमुख जगवीर सिंह ने बताया कि किसानों को उनके गन्ने का दाम जल्दी देना और क्षेत्र का विकास करना मिल की प्राथमिकता है। इस सत्र में 150 लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य है। इसके अलावा मिल परिसर में लंगर का भी आयोजन किया गया जिसमें किसानों, अधिकारियों ,कर्मचारियों और उनके परिवार के लोगों ने हिस्सा लिया।

ग्राम पंचायत याहियापुर विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 25.10.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत याहियापुर विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.10.2026 से 03.11.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 03.11.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्यूपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्यूपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	टीयर टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कमिर्शियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
23	सेमेंटरी सामग्री	प्रति नग/वर्गमी०	
24	बिजली उपकरण	प्रति नग	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी०	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति नग	
27	सी०सी० ठेस्क बेंच	प्रति नग	
28	डस्टबीन/सामूहिक शौचालय मरम्मत	प्रति नग	
29	कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति नग	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति ली०	
32	डिस्टेम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि	प्रति किलो	
33	पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर०सी०सी० पाईप/हूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर०ओ० सहित	प्रति नग	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सपेक्टर	प्रति नग	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति नग	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति नग	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति नग	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति नग	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रवर्तन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मों को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत याहियापुर
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

सचिव, याहियापुर
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अल्यारपुर, विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा.प. अंत्येष्टि स्थल हेतु सामग्री आपूर्ति/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 24/10/2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अल्यारपुर, विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) ओ०डी०एफ० प्लस, आर०जी०एस०ए०, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदों के अन्तर्गत अंत्येष्टि स्थल निर्माण कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25/10/2026 से 03/11/2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं जोकि उसी दिनांक 03/11/2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी०डब्ल्यू०डी० की दरों के अनुरूप पी०डब्ल्यू०डी० के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होंगी। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सामग्री की सूची:

क्रमांक	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग/टन	
2	बालू/रेत	घन मी०	
3	बजरी/गिट्टी	घन मी०	
4	20 एम०एम० बदरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईंट द्वितीय श्रेणी एम-275	प्रति हजार	
8	इंटरलॉक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति वर्ग/मीटर	
9	इंटरलॉक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति बैग/टन	
10	सरिया	प्रति कुंतल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुंतल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
17	सीमेंट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी/दूरी सहित	घन मी०	

ग्राम पंचायत नन्हेड़ा अल्यारपुर, विकासखंड
अमरोहा, जनपद अमरोहा

सचिव, नन्हेड़ा अल्यारपुरं
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

ग्राम पंचायत बीबडा कला विकासखंड अमरोहा जनपद अमरोहा

पत्रांक: मीमो/ग्रा.प. अंत्येष्टि स्थल हेतु सामग्री आपूर्ति/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक: 24/10/2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बीबडा कला, विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) ओ०डी०एफ० प्लस, आर०जी०एस०ए०, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदों के अन्तर्गत अंत्येष्टि स्थल निर्माण कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 25/10/2026 से 03/11/2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं जोकि उसी दिनांक 03/11/2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी०डब्ल्यू०डी० की दरों के अनुरूप पी०डब्ल्यू०डी० के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होंगी। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

सामग्री की सूची:

क्रमांक	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग/टन	
2	बालू/रेत	घन मी०	
3	बजरी/गिट्टी	घन मी०	
4	20 एम०एम० बदरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईंट द्वितीय श्रेणी एम-275	प्रति हजार	
8	इंटरलॉक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति वर्ग/मीटर	
9	इंटरलॉक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति बैग/टन	
10	सरिया	प्रति कुंतल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुंतल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
17	सीमेंट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी/दूरी सहित	घन मी०	

ग्राम पंचायत बीबडा कला
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

सचिव, बीबडा कला
विकासखंड अमरोहा, जनपद अमरोहा

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जनपद में होंगे धार्मिक आयोजन



बहजोई/संभल (सब का सपना):- शासन के निर्देशों और जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में 26 अक्टूबर को आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि से जुड़े स्थलों और मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन दीपदान तथा वाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। भगवान श्रीराम श्रीहनुमान और रामायण से जुड़े प्रमुख स्थलों पर रामायण पाठ भजन कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद के विकासखंडों नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थित महर्षि वाल्मीकि से जुड़े प्रमुख मंदिरों तथा रामायण से जुड़े अन्य मंदिरों में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। प्रशासन की ओर से सभी आयोजनों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। नगर पंचायत गवां के वार्ड संख्या 3 स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत नरौली के वाल्मीकि शिव मंदिर में भी भजन कीर्तन होगा। नगर पंचायत गुन्नौर के मोहल्ला सराय वार्ड संख्या 3 स्थित सीताराम मंदिर में कीर्तन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर पालिका परिषद बहजोई के वार्ड संख्या 1 सम्भल रोड स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में भजन कीर्तन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। नगर पंचायत बबराला की अम्बेडकर कॉलोनी स्थित वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि रामायण का संक्षिप्त वाचन किया जाएगा। सम्भल नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत हौज भदेसराय आलम सराय कोटला सराय तरीन और हयातनगर स्थित महर्षि वाल्मीकि से जुड़े मंदिरों में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद चंदौसी के वार्ड संख्या 1 स्थित मोहल्ला चुन्नी संजय बस्ती के महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में महर्षि वाल्मीकि जयंती के आयोजन को देखते हुए मंदिर परिसरों तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इससे सभी धार्मिक कार्यक्रम स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सकेंगे। संबंधित विभागों को आयोजन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएम-एसपी ने किया पीईटी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने के दिए निर्देश





अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने रविवार को कुंदन इंटर कॉलेज अमरोहा में आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की स्थिति, सुरक्षा प्रबंधों तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन एवं परीक्षा आयोजक संस्था द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता बनाए रखी जाए। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया।

नामित सभासद सैयद शान अली ने नए मतदाता बनवाने में किया सहयोग



सम्भल (सब का सपना):- विधानसभा सम्भल के मंडल हयातनगर स्थित शक्ति केंद्र आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज मनोकामना में शनिवार को बूथ संख्या 336 से 345 तक नए मतदाताओं के वोट बनवाने का कार्य किया गया। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने पात्र लोगों के नए वोट बनवाने में सहयोग किया। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक एवं नगर पालिका परिषद सम्भल के नामित सभासद सैयद शान अली ने भी नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने में सहयोग किया। इस अवसर पर सैयद शान अली ने पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मतदान के माध्यम से नागरिक अपनी पसंद के प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय रहते अपना वोट बनवाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पात्र युवक-युवतियां मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण कदम है। नए मतदाताओं को जागरूक करने और पात्र लोगों के वोट बनवाने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए।

इस दौरान बूथ संख्या 336 से 345 तक नए मतदाताओं के पंजीकरण को लेकर गतिविधियां की गईं। अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना रहा।

पुलिस एंटी रोमियो टीमों द्वारा मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत क्षेत्र में किए गए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सम्भल (सब का सपना):- उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत थाना नखासा क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद सम्भल की मिशन शक्ति केंद्रों में तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रांतर्गत बालिकाओं को जागरूक किया। महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण के संबंध में चौपाल का आयोजन किया गया। महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त तथा सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। मिशन शक्ति 6.0 अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों कस्बों चौराहों स्कूलों कॉलेजों धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों ने पंपलेट बांटकर जागरूक किया। पंपलेट में शासन और पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने मौके पर महिलाओं और बालिकाओं को इन हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग का तरीका भी समझाया और आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूल और कॉलेज की छात्राओं से संवाद किया और उन्हें अपने आसपास होने वाले किसी भी अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और महिला हेल्प डेस्क की जानकारी दी गई। थाना नखासा पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण रखें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर सीमा चौधरी फोर्स के साथ मौजूद रहीं और उन्होंने भी महिलाओं को जागरूक किया।मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत जनपद सम्भल में इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी मिल सके और वे किसी भी प्रकार के भेदभाव या हिंसा का सामना करने में सक्षम हो सकें। प्रशासन की ओर से यह भी बताया गया कि महिला संबंधित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और पीड़ित महिलाओं को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

भाविप की शाश्वत शाखा ने आयोजित किया गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम





चंदौसी/संभल(सब का सपना):- भारत विकास परिषद की शाश्वत शाखा के तत्वावधान में आरआरके विद्यालय में शनिवार को गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुजनों के प्रति सम्मान, विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास तथा उनमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि गुरु राष्ट्र निमार्ता होते हैं। गुरु वंदन भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा है। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व का निर्माण कर जीवन में सही दिशा चुनने की प्रेरणा भी देते हैं। गुरुजनों का सम्मान और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का अभिनंदन समाज में ज्ञान, नैतिकता एवं कर्तव्यबोध को मजबूत करता है। शाखा अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, समर्पण, सहयोग, संस्कार और राष्ट्रभावना के आदर्शों को समाज तक पहुंचाने के लिए कार्य करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम, विनम्रता और राष्ट्रप्रेम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त समाज और समर्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर शाखा संयोजक अभिषेक गुप्ता, संपर्क संयोजक गिरेंद्र अग्रवाल, शाखा संरक्षक हगपाल सिंह, हेम प्रताप, अर्चना शर्मा, संजय गुप्ता, अनुज उपाध्याय सहित शाखा के अन्य सदस्य, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

खुद की वजह से खुद को ही लगी गोली, रंजिश में दूसरों पर लगाया था आरोप, गजरौला पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमरोहा (सब का सपना):- गजरौला थाना पुलिस ने झूठी सूचना देने वाले वादी को ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार 15 सितंबर को वाजिद पुत्र शमशाद निवासी मोहल्ला जलालनगर ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आसिफ व आशु पुत्र यूनुस ने जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई, जिससे उसकी दाहिनी जांघ में गोली लग गई। तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में खुलासा हुआ कि 14 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे वाजिद के पास 12 बोर का देशी तमंचा था। कमर में खोंसकर घूमते समय तमंचा लोड हो गया और गुटियल के मकान के पास बैठते समय अचानक चल गया, जिससे वाजिद खुद घायल हो गया। बाद में चुनावी रंजिश के चलते उसने आसिफ और आशु को फंसाने के लिए झूठा आरोप लगाया। शनिवार को पुलिस ने वाजिद को उसके घर से गिरफ्तार कर बक्से से अवैध तमंचा 12 बोर और नाल में फंसा खोखा कारतूस बरामद किया। खबर लिखे जाने तक आरोपी पर धारा 217 बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश की जाने की तैयारी की जा रही थी।

आरएसएस ने निकाला भव्य पथ संचलन, दिया राष्ट्रसेवा का संदेश





बहजोई/संभल(सब का सपना):- जनपद के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बहजोई नगर के तत्वावधान में रविवार को विजयदशमी उत्सव के अवसर पर भव्य पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में चल रहे स्वयंसेवकों ने नगर में एकता, संगठन और राष्ट्रभाव का संदेश दिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर पथ संचलन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता छत्रपाल ने विजयदशमी पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व सत्य, धर्म, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश देता है। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। समापन अवसर पर अनिल शास्त्री ने संगठन, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने समाज में राष्ट्रभाव को मजबूत करने तथा सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिला प्रचारक दीपक, सतीश चंद्र शर्मा, मनोज कारसेवक, अमन भारत, नवीन, अवनेश नानू, अंशु गुप्ता, चैतन्य, हर्ष, अश्वनी, अमित, प्रशांत, पियूष शर्मा, नरेंद्र मोहन, दुष्यंत सहित अनेक स्वयंसेवक एवं नागरिक मौजूद रहे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का अनुशासन, सामूहिकता और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह लव कुमार शर्मा ने किया। विजयदशमी उत्सव का समापन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देते हुए हुआ।

मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



रजपुरा/सम्भल(सब का सपना):- जनपद के थाना रजपुरा पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी हरिओम को नूरपुर तिराहा बबराला से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर को कस्बा गवां के मोहल्ला होली चौक निवासी लायकराम पुत्र रामपाल ने थाना रजपुरा में तहरीर देकर शिकायत की थी कि अभियुक्तों ने उनके और उनके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। शिकायत के आधार पर थाना रजपुरा पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अतिरिक्त धारा की बढ़ोतरी की। इसके बाद मुकदमे से संबंधित वांछित आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार को थाना रजपुरा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हरिओम पुत्र प्यारेलाल, उम्र करीब 45 वर्ष, को नूरपुर तिराहा बबराला से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी इस मामले में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा मामले में नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराधों की रोकथाम और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



सम्भल(सब का सपना):- जनपद में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रविवार को पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात पुलिस एवं प्रवर्तन टीमों ने विभिन्न प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों और महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोड वाहनों, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने तथा बिना वैध परमिट और आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ऑटो और ई-रिक्शा में लगे अवैध पायदान भी हटवाए गए। यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए, जबकि एक वाहन को सीज किया गया। अभियान के तहत ऑटो और ई-रिक्शा के 18 चालान किए गए तथा इंटरसेप्टर के माध्यम से 127 चालान किए गए। जनपद में कुल 342 चालान करते हुए 6,90,500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा ऑटो और ई-रिक्शा से सात अवैध पायदान हटवाए गए। सम्भल पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस ने कहा कि वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं और तेज गति से वाहन चलाने से बचें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। साथ ही वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखें। पुलिस के अनुसार, यातायात नियमों का उल्लंघन करने से वाहन चालक के साथ-साथ अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए ओवरलोडिंग, बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

7 साल के बच्चे का कातिल आदमखोर तेंदुआ पिंजरे में कैद



नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):- खुशहालपुर मढ़का और आसपास के गांवों में दहशत का पर्याय बनी 5 साल की मादा गुलदार आखिरकार रविवार सुबह वन विभाग के पिंजरे में फंस गई। गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बीते 20 अगस्त को ट्यूशन से लौट रहे 7 वर्षीय नक्श कश्यप पुत्र भू-देव सिंह पर आदमखोर तेंदुए ने हमला कर मार डाला था। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भारी दहशत थी, ग्रामीण बच्चों को बाहर भेजने और खेतों पर जाने से कतरा रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। रविवार सुबह तेंदुआ शिकार के लालच में पिंजरे में कैद हो गया। वन अधिकारी रामकुमार ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को जालपुर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है, जिसे अधिकारियों के आदेश पर जंगल में छोड़ा जाएगा।

डिजिटल लाइब्रेरी का समय बढ़ाने की मांग, भारतीय गौरक्षा परिषद ने किया धरना-प्रदर्शन



गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़ (सब का सपना) हरिप्रकाश गुप्ता:- ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शनिवार को भारतीय गौरक्षा परिषद ने गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। धरना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहित चौधरी के निदेर्शानुसार तथा हापुड़ जिलाध्यक्ष तनुज कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संगठन के पदाधिकारी सुबह 10:30 बजे ब्लॉक परिसर में धरने पर बैठ गए, जो दोपहर 12:50 बजे तक चला। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष मोहित चौधरी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष तनुज कश्यप ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रमुख मांग रखते हुए कहा कि ग्राम पंचायत आलमनगीरपुर (बलवापुर) स्थित नेता जी कल्याण सिंह डिजिटल लाइब्रेरी को सप्ताह के सातों दिन सुबह 8:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक संचालित कराया जाए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए शांतिपूर्ण व स्वच्छ अध्ययन वातावरण, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, उचित प्रकाश और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। संगठन पदाधिकारीयो का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थी महंगे निजी पुस्तकालयों का खर्च वहन नहीं कर पाते। ऐसे में सार्वजनिक डिजिटल लाइब्रेरी उनके लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का महत्वपूर्ण माध्यम है। पुस्तकालय का सीमित समय और साप्ताहिक अवकाश उनकी पढ़ाई को प्रभावित कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मोहित चौधरी ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। जिलाध्यक्ष तनुज कश्यप ने आग्रह किया कि विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष संजय यादव, जिला सचिव टिंकू राणा, अजय राणा, सोनू राणा, प्रदीप राणा एवं ब्लॉक सचिव विनीत गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसान नेता की चेतावनी का असर, मेरठ रोड के गड्ढे भरने दौड़ा प्रशासन

राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर ने गड्ढों में समाधि लेने का किया था ऐलान, अधिकारियों के आश्वासन पर एक दिन टला धरना-प्रदर्शन







गढ़मुक्तेश्वर/हापुड़ (सब का सपना):- मेरठ रोड की बदहाल स्थिति और सड़क पर बने गहरे गड्ढों को लेकर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर की चेतावनी के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। किसान नेता ने सड़क की समस्या को लेकर 24 अक्टूबर को गड्ढों में ही समाधि लेने का ऐलान किया था। उनके इस ऐलान के बाद धरना-प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही गढ़ एसडीएम, सीओ गढ़, कोतवाल गढ़ और एनएचएआई के अधिकारी उनके आवास पर पहुंच गए। अधिकारियों ने किसान नेता को भरोसा दिलाया कि शनिवार को ही सड़क पर बने गहरे गड्ढों को मिट्टी से भरवाया जाएगा। इसके साथ ही रविवार से सड़क पर पैचिंग कराने के बजाय नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों की ओर से समाधान का भरोसा मिलने के बाद सरनजीत सिंह गुर्जर ने फिलहाल अपना धरना-प्रदर्शन एक दिन के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि, किसान नेता ने स्पष्ट कर दिया कि आंदोलन को केवल अधिकारियों के आश्वासन पर रोका गया है। यदि वादे के मुताबिक काम नहीं कराया गया और सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो वह दोबारा धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है।

नगीना में चोरों ने घर से उड़ाए लाखों के जेवर और नकदी

हरगांव चांदन में सुरेश पंडित के घर चोरी, पीड़ित परिवार ने करीब 17 लाख रुपये का नुकसान बताया

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम हरगांव चांदन में चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 17 लाख रुपये है। वारदात के समय परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। सुबह चोरी का पता चलने पर परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले का खुलासा कर चोरी हुआ सामान बरामद कराने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हरगांव चांदन निवासी सुरेश पंडित के घर में बीती रात चोर पीछे की ओर बनी खिड़की के रास्ते दाखिल हुए। बताया जाता है कि चोरों ने घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित परिवार के मुताबिक, चोर करीब 15 लाख रुपये के जेवर और दो से तीन लाख रुपये की नकदी ले गए। इसके अलावा कार्यालय में रखे करीब 18 हजार रुपये भी चोरी होने की बात कही गई है। बताया गया कि चोरों ने रात करीब एक बजे से तीन बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया। उस समय घर के सदस्य सो रहे थे और उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जागने पर घर का सामान बिखरा देखकर परिवार को चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित के अनुसार, उनकी बहन के रखे सोने-चांदी के आभूषण भी चोरी हुए हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत कर चोरों का पता लगाने, आरोपियों को गिरफ्तार करने और चोरी हुआ सामान बरामद कराने की गुहार लगाई है। हालांकि, चोरी की सही कीमत और नकदी व आभूषणों की कुल मात्रा की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। गांव में घर के अंदर से लाखों रुपये के सामान की चोरी की घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि रात के समय चोरों की सक्रियता पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गश्त को और प्रभावी बनाए जाने की जरूरत है। अब देखना होगा कि पुलिस मामले की जांच कर चोरी का खुलासा कब तक करती है और पीड़ित परिवार को उसका सामान वापस दिलाने में कितनी सफलता मिलती है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नगर के मुख्य मार्ग से निकाला पंथ संचलन





नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- राष्टीय स्वयंसेवक संघ ने श्री विजयादशमी उत्सव पर नवीन शिक्षा सदन विश्नोई सराय से निकाला विशाल पथ संचलन। जिसमें नगर के सेकड़ो गणवेश धारी स्वयंसेवको ने प्रतिभाग किया। रविवार की सुबह श्री विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम हेतु के मंच पर मुख्य वक्ता सुनील सह प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख व सचिन कुमार नगर कार्यवाह उपस्थित रहे। मुख्य बक्ता ने अपने संबोधन में स्वयंसेवक को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना व विजयदशमी पर्व पर संघ की स्थापना के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में संघ की प्रार्थना व ध्वज प्रणाम की गई। प्रमुख के संबोधन के उपरांत नगर कार्यवाह की अगुवाई में विशाल पथ संचलन शुरू हुआ, पथ संचलन नगर के मो विश्नोई सराय, बड़ा मंदिर, लुहारी सराय, मंडी मौलगंज, नगर पालिका, गांधी पार्क रेलवे चौराहा से होता हुआ हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुआ। धोष वाहिनी के साथ मे सैकड़ो गणवेश धारी स्वयंसेवक कदम चाल से चलना प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। पथ संचलन के दौरान मार्ग में दर्जनों स्थानों पर बहन व बहनो द्वारा संघ के पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया भव्य पथ संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नरेश तहसील प्रचारक, संघ के पथसंचलन की व्यवस्था में लगे संघ की नगर कार्यकारणी से अनमोल, अनिल, लक्ष्मण, प्रबोध, सुधीर , राहुल, निर्मल, विकास, नितिन, आभाष, रामकुमार, रामोतार, नीलकमल, सूरज, गौतम, गजेंद्र, सहित बड़ी संख्या में गणवेश धारी स्वयंसेवक शामिल रहे।

नजीबाबाद में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल



नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):- कोतवाली रोड पर शनिवार को एक बेकाबू अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मुरादाबाद निवासी मुनाजिर हुसैन (50) और खैरुल निशा (38) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों लालापुर से गाजीपुर दवा लेने जा रहे थे।

हादसे के बाद जुटी भीड़ की सूचना पर पहुँची डायल-112 पुलिस ने घायलों को पास के निजी अस्पताल पहुँचाया। मौका पाकर आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है।

एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के कार्यों से प्रभावित होकर सचिन वाल्मीकि ने की शिष्टाचार भेंट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किए जाने का आकर्षक चित्र भेंट कर किया सम्मानित





नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- जनपद के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम इस्लामाबाद निवासी एवं वाल्मीकि समाज के प्रमुख नेता सचिन वाल्मीकि ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई को एक आकर्षक चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस चित्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने का दृश्य दर्शाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सचिन वाल्मीकि अपने समर्थक सूरज वाल्मीकि और राजन वाल्मीकि के साथ शनिवार सुबह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की तथा उन्हें सुंदर ढंग से तैयार कराया गया चित्र भेंट किया। चित्र को देखकर पुलिस अधीक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर सचिन वाल्मीकि ने कहा कि पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जनपद बिजनौर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के समाधान और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि एक पुलिस अधिकारी की असली पहचान उसके कार्यों और जनता के प्रति उसके व्यवहार से होती है।सचिन वाल्मीकि ने कहा कि गरीबों, मजदूरों और पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान का प्रयास करना सराहनीय पहल है। ऐसे अधिकारियों की कार्यशैली से आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। इस दौरान सूरज वाल्मीकि और राजन वाल्मीकि भी मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ने निकाली पोलियो जागरूकता रैली, बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश



बिजनौर(सब का सपना):- रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण की ओर से शनिवार को पोलियो उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ह्यदो बूंद जिंदगी की जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। गायत्री देवी शिक्षण संस्थान से सुबह 10 बजे शुरू हुई रैली नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वर्मा मेटरनिटी नर्सिंग होम पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में स्कूली बच्चों और एनसीसी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली चंचलपुरियान मोहल्ला, गुरुद्वारा, शिवाजी मार्केट, शाही मार्केट और स्टेशन रोड से होकर गुजरी। इस दौरान बच्चे हाथों में बैनर और होल्डिंग लेकर पोलियो को भगाना है, भारत को पोलियो मुक्त बनाना है जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। शिवाजी मार्केट में मनोज छाबड़ा ने रैली का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि पोलियो से बचाव के लिए बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक पिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे। जनजागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही पोलियो जैसी बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सकता है। रैली के समापन पर क्लब पदाधिकारियों ने लोगों को पोलियो की खुराक के महत्व की जानकारी दी।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष कांता प्रसाद पुष्पक, सचिव हरिओम सिंह हैरि, डॉ. शाश्वत वर्मा, डॉ. रिसालत चौधरी, समीर रस्तोगी, क्षितिज अग्रवाल, ऋषभ जैन, आकाश जैन, शगुन दुआ, विजेंद्र सिंह पाल, धीरज शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। गायत्री देवी शिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्य पर्ल रस्तोगी, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों ने भी सहयोग किया।

स्योहारा में 20 लाख के जेवर चोरी होने का दावा, पुलिस को नहीं मिले जबरन प्रवेश के निशान



बिजनौर (सब का सपना):- थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम गेंडा जुड़ बगवाड़ा में बंद मकान से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने करीब 20 लाख रुपये का सामान चोरी होने की बात कही है, लेकिन पुलिस को मकान में जबरन प्रवेश करने या ताले तोड़ने के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रफी उर्फ गुड्डू पुत्र सामी हसन दिल्ली में काम करते हैं। उनकी पत्नी शबनम परवीन अपने मायके सहसपुर गई हुई थीं। सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने पिता नसीम अहमद के साथ घर पहुंचीं तो मुख्य गेट का ताला टूटा होने की बात सामने आई। अंदर जाकर देखने पर कमरों में सामान बिखरा मिला। परिजनों के मुताबिक, घर से करीब 11 तोले सोने के जेवर, ढाई किलो चांदी और 60 हजार रुपये नकद गायब मिले। शबनम परवीन ने बताया कि उनके छह तोले सोने और डेढ़ किलो चांदी के जेवर घर में रखे थे। वहीं, उनकी बहन शबाना के पांच तोले सोने और एक किलो चांदी के जेवर भी घर में रखे हुए थे। ये जेवर शबाना अपने चचेरे देवर की शादी में शामिल होने के दौरान यहां रखकर गई थीं। परिजनों ने नकदी समेत चोरी गए सामान की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई है। मामले में धामपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि मकान में जबरन प्रवेश करने के कोई निशान नहीं मिले हैं। किसी दरवाजे का ताला तोड़े जाने के साक्ष्य भी सामने नहीं आए हैं। जिस सेफ अलमारी से जेवर चोरी होने की बात कही जा रही है, उसका ताला भी टूटा नहीं मिला। परिजनों के अनुसार, अलमारी की चाबी मकान मालिक के पास थी। पुलिस को आशंका है कि यदि चोरी हुई है तो चाबी से ताला खोलकर वारदात को अंजाम दिया गया हो सकता है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। सीओ के मुताबिक, अभी तक परिवार की ओर से थाने में लिखित शिकायत भी नहीं दी गई है।

इलाज कम, बीमारी ज्यादा बांट रहा महिला अस्पताल

स्वच्छता अभियान को चिढ़ाता परिसर उगी घास, वाहन स्टैंड, गंदे शौचालय और नलों पर पसरा कीचड़







नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):- कहने को तो यह नजीबाबाद का ह्यमहिला चिकित्सालय है, जहां उम्मीद की नई सांसें जन्म लेती हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अस्पताल खुद बदहाली के आईसीयू में वेंटिलेटर पर टंगा है। स्वास्थ्य विभाग के लंबे-चौड़े दावों की धज्जियां उड़ाता यह परिसर इन दिनों इलाज कम और संक्रमण का खतरा ज्यादा बांट रहा है। अस्पताल परिसर को देखकर लगता है मानो नगर पालिका झाड़ियों की कटाई भूल गई हो और पार्किंग ठेकेदार ने इसे बिना लाइसेंस का स्टैंड घोषित कर दिया हो। अस्पताल के भीतर कदम रखते ही उगी हुई घनी घास और बेतरतीब खड़े वाहन मरीजों के लिए स्वागत की जगह मुसीबत बनते हैं। सबसे दर्दनाक तस्वीर तो बाथरूम और पेयजल स्थलों की है। शौचालय गंदगी से अटे पड़े हैं और नलों के पास फैली गंदगी देखकर लगता है कि प्रशासन मरीजों को बीमारी से उबारने नहीं, बल्कि संक्रमण का न्योता देने बुला रहा है। जिन नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को सबसे साफ-सुथरे वातावरण की सख्त जरूरत है, वे यहां बदबू और गंदगी के बीच सांस लेने को मजबूर हैं। बड़ा सवालः आखिर अस्पतालों के रखरखाव के नाम पर आने वाला बजट किसकी जेब की शोभा बढ़ा रहा है? क्या स्वास्थ्य विभाग और जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे या संक्रामक बीमारी के फैलने का इंतजार कर रहे हैं? स्थानीय लोगों और मरीजों के तीमारदारों में इस घोर लापरवाही को लेकर भारी रोष है। अब देखना यह है कि कुंभकर्णी नींद में सोया अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस खबर के बाद जागता है या फिर 'सब चंगा सी' का बोर्ड लगाकर मुंह फेर लेता है।

नहटौर में रामलीला का चंदा लौटाने की प्रक्रिया शुरू



नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- श्री आदर्श रामलीला समिति रजि. की ओर से नक्कारे वाली रामलीला और रामलीला कार्यक्रम के आयोजन को लेकर समाज से एकत्र किए गए चंदे में से 50 प्रतिशत राशि रविवार को वापस कर दी गई। समिति के अध्यक्ष आदेश चंद्रा के नेतृत्व में चंदा वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई। शेष 50 प्रतिशत चंदे की वापसी सोमवार से शुरू की जाएगी। समिति के अनुसार, रामलीला आयोजन की तैयारियों के लिए बयाना आदि देने में करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई समिति के 22 सदस्य आपस में मिलकर करेंगे। सदस्यों ने नुकसान की पूरी राशि स्वयं वहन करने का निर्णय लिया है। समिति की ओर से चंदा देने वाले सभी लोगों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया है।

किसानों को निःशुल्क मिलेगी दलहन-तिलहन की मिनीकिट, गेहूं का बीज अनुदान पर


अमरोहा (सब का सपना):- जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिन किसानों ने दलहन की मिनीकिट (मटर, मसूर एवं चना) के लिए बुकिंग कराई है, वे ई-लॉटरी में चयनित होने के बाद संबंधित विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से मिनीकिट प्राप्त कर सकते हैं। सरसों की मिनीकिट बुक कराने वाले किसान भी बीज भंडार से मिनीकिट ले सकते हैं। इसके अलावा जनपद के किसानों के लिए गेहूं का बीज भी अनुदान पर उपलब्ध है। बुकिंग के बाद किसान राजकीय कृषि बीज भंडार से गेहूं का बीज प्राप्त कर सकते हैं। बीज प्राप्त करने के लिए किसान का पंजीकरण होना अनिवार्य है। राजकीय कृषि बीज भंडार पर पीओएस मशीन के माध्यम से बीज दिया जाएगा। बीज प्राप्त करते ही किसानों को स्रोत पर ही अनुदान (एट सोर्स सब्सिडी) की सुविधा मिलेगी। किसी भी समस्या के लिए किसान संबंधित बीज भंडार प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

गलत परीक्षा केंद्र पहुंचे पांच अभ्यर्थियों को फतेहपुर पुलिस ने सही केंद्र पहुंचाया



फतेहपुर (सब का सपना):- पीईटी परीक्षा के दौरान गलत परीक्षा केंद्र पहुंचने वाले पांच अभ्यर्थियों की मदद कर फतेहपुर पुलिस ने सराहनीय तत्परता दिखाई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में पीआरवी 6262 और पीआरवी 6254 की टीम ने समय रहते सभी पांच अभ्यर्थियों को जीजीआईसी मलवां परीक्षा केंद्र पहुंचाया। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश बंद होने का समय दोपहर 2:30 बजे निर्धारित था। नाम की समानता के कारण चार अभ्यर्थी और एक अन्य अभ्यर्थी गलत केंद्र पर पहुंच गए थे। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मियों ने तत्काल सहायता करते हुए उन्हें सही परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया, जिससे सभी अभ्यर्थी समय से परीक्षा में शामिल हो सके। इस सराहनीय कार्य में आरक्षी लक्ष्य मिश्रा, पीआरवी 6262 और पीआरवी 6254 की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की तत्परता की अभ्यर्थियों और आमजन ने प्रशंसा की।

देवनागरी महाविद्यालय में दहेज विरोधी जागरूकता अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता



गुलावठी/बुलंदशहर (सब का सपना):- देवनागरी महाविद्यालय में दहेज विरोधी जागरूकता अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और दहेज प्रथा को सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके विरोध में विचार रखे। सभी विद्यार्थियों ने प्रण लिया कि न तो वे दहेज लेंगे और न ही दहेज देंगे। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्ण कुमार ने किया।

भरत मिलाप शोभायात्रा को लेकर एसपी ने सरायतरीन में किया फ्लैग मार्च



सम्भल(सब का सपना):- भरत मिलाप शोभायात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी ने थाना हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने शोभायात्रा के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आयोजनकताओं से संवाद कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित आयोजनकताओं से बातचीत कर आगामी धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के संबंध में चर्चा की। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने और क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। फ्लैग मार्च के माध्यम से शोभायात्रा के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने की तैयारियों की समीक्षा की गई।

हथगांव पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार, थार कार बरामद

फतेहपुर (सब का सपना):- अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हथगांव पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त महिन्द्रा थार कार, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 1,620 रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान थाना हथगांव पुलिस ने रविवार को अंकेश यादव (21) पुत्र जुगराज, निवासी ग्राम महरूपुर, थाना हथगांव को गिरफ्तार किया। आरोपी अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर को हथगांव पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19.030 किलोग्राम अवैध गांजा, एक कूटरचित HSRP नंबर प्लेट और महिन्द्रा TUV वाहन बरामद किया था। इस मामले में थाना हथगांव पर BNS और धारा 8/20 NDPS एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में चार आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ ओडिशा से गांजा लाकर फतेहपुर और आसपास के क्षेत्रों में बेचता था। बिक्री से प्राप्त रकम को सभी साथी आपस में बांट लेते थे। तस्करी के दौरान आरोपी अलग-अलग वाहनों से चलते थे और मोबाइल फोन के माध्यम से रास्ते की जानकारी साझा करते थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, मुख्य आरक्षी राजेश सिंह, मुख्य आरक्षी एजाज अंसारी, आरक्षी रणवीर सिंह और रिजर्व आरक्षी प्रवीण यादव शामिल रहे।



मैढ़ क्षत्रिय सोनार सभा के तत्वावधान में महाराजा अजमीढ़ जी महाराज की जयंती पर हवन यज्ञ का किया आयोजन

नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- मैढ़ क्षत्रिय सोनार सभा के तत्वावधान में महाराजा अजमीढ़ जी महाराज की जयंती पर हवन-यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने आहुतियां देकर अपने अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए देश की खुशहाली की प्रार्थना की। प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार को आर्य समाज मंदिर में महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगो ने हवन यज्ञ करके अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की साथ ही महाराजा अजमीढ़ जी महाराज के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके



बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महाराज जी ने लोगों को जाति, धन या आर्थिक स्थिति के आधार पर बांटने के बजाय हर व्यक्ति और हर श्रम का सम्मान करने का संदेश दिया। उनका मानना था कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है और हर श्रमिक समाज का निमार्ता होता है। उन्होंने किसानों, व्यापारियों, शिल्पकारों और विशेष रूप से स्वर्णकारों शिल्पकारों के व्यवसाय और कौशल को बढ़ावा दिया। सामाजिक परंपराओं के अनुसार, उन्होंने समाज में एकता, भाईचारा, प्रेम और नैतिक संस्कारों को मजबूत करने पर जोर दिया। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष विपिन वर्मा ने बताया पूर्व की भांति इस वर्ष भी आगामी 3 नवंबर मंगलवार को नगर में महाराजा अजमीढ़ जी की शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष विपिन वर्मा, कोषाध्यक्ष विनिल वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, हरिओम वर्मा, कमल वर्मा, कमलकांत वर्मा, राजकुमार वर्मा, अतुल वर्मा, अंकुर वर्मा, विशाल वर्मा, दीपक वर्मा, मुकेश वर्मा, नितिन वर्मा, मनोज वर्मा, कन्हैया वर्मा आदि मैढ़ समाज के लोग मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने PET परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



फतेहपुर (सब का सपना):- जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने PET परीक्षा के मद्देनजर निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज, एस इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं मुस्लिम इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।फतेहपुर पुलिस द्वारा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

पुलिस ड्यूटी के साथ इंसानियत का फर्ज.भी निभाया, परेशान छात्रा को निजी वाहन से पहुंचाया परीक्षा केंद्र

एसपी ने 5,000 के इनाम की घोषणा की, यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह की सराहनीय पहल, छात्रा ने भी जताया आभार

फतेहपुर (सब का सपना):- यातायात पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करते हुए परीक्षा देने जा रही एक छात्रा की मदद कर उसे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इस सराहनीय कार्य के लिए संबंधित पुलिसकर्मियों की प्रशंसा करते हुए ड्5,000 के पुरस्कार की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार रविवार को मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह और कांस्टेबल मनीष कुमार शुक्ला चौड़गरा चौराहे पर यातायात ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान सुबह करीब 9:05 बजे प्रयागराज से आई एक छात्रा को राजकीय इंटर कॉलेज



(GIC), बिंदकी स्थित परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए कोई साधन नहीं मिल पा रहा था। छात्रा की परेशानी को देखते हुए मुख्य आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह ने तत्परता दिखाई और अपने निजी वाहन से उसे परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। पुलिसकर्मी की इस पहल से छात्रा समय पर परीक्षा में शामिल हो सकी।यातायात पुलिस के इस मानवीय प्रयास से छात्रा को बड़ी राहत मिली। परीक्षा केंद्र पहुंचने पर छात्रा ने फतेहपुर पुलिस का आभार जताया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए 5,000 का पुरस्कार घोषित किया जाना पुलिसकर्मियों के सेवा भाव और कर्तव्यनिष्ठा को प्रोत्साहित करने वाला कदम है। फतेहपुर पुलिस ने एक बार फिर संदेश दिया है कि वह आमजन की सहायता और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

एन.आर. ग्लोबल स्कूल में भव्य इन्वेस्टिचर समारोह, विद्यार्थियों को सौंपी नेतृत्व की जिम्मेदारी

गुलावठी/बुलंदशहर (सब का सपना):- एन.आर. ग्लोबल स्कूल में इन्वेस्टिचर समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह में सक्षम को हेड बॉय, जिया को हेड गर्ल, वंश को वाइस हेड बॉय तथा हिमानी को वाइस हेड गर्ल चुना गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन मंगल सिंह छपराना मुख्य अतिथि रहे। प्रधानाचार्या डॉ. आरती छपराना एवं निदेशक डॉ. विनय खारी की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं कर्तव्यनिष्ठा विकसित करना रहा।

तनमय एवं वंशिका को स्पोर्ट्स कैप्टन तथा देव, निशा नागर एवं माही पायल को वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन बनाया गया। इग्निस हाउस से



मनीकांत, लकी एवं लवी, एक्वा हाउस से शिवा, रोहन, लविश एवं संजना, टेरा हाउस से वरुण, सुहैल एवं महक तथा वेंटस हाउस से रिकी, यश एवं सिया को हाउस कैप्टन की जिम्मेदारी दी गई। पलक, नव्या एवं लायबा को इंग्लिश सेक्रेटरी, दीक्षा एवं कनक को हिंदी सेक्रेटरी नियुक्त किया गया। वेदांश को साइंस एंड इनोवेशन कैप्टन तथा देवांश एवं समीक्षा को क्लीनलिनेस कैप्टन बनाया गया। राबिया, सुभि, अनन्या एवं चेल्सी को सांस्कृतिक प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नूंह व इंडरी में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च

एजेंसी

नोएडा। जिला कांग्रेस कमेटी नूंह के तत्वावधान में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत नूंह और इंडरी ब्लॉक में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर उनके इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। इंडरी ब्लॉक में आयोजित विरोध मार्च का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण ने किया, जबकि नूंह ब्लॉक में कार्यक्रम की जिम्मेदारी ब्लॉक अध्यक्ष जमशेद खान ने संभाली। दोनों कार्यक्रमों में यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के अधिकारों की रक्षा के



लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक करने और लोकतंत्र की मजबूती के लिए संघर्ष जारी रखा जाएगा। दोनों कार्यक्रमों में महताब अहमद, हाजी इब्राहिम इंजीनियर बिसरू, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी सुबराती खान और सोहराब खान, कोषाध्यक्ष खुर्शीद अहमद, महासचिव अंजुम हुसैन (पार्षद), वहीद सालंबा, मोहम्मद हाशिम, प्रवक्ता आसिफ अली, एससी विभाग से महेंद्र सिंह, सेवादल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, सचिव दयाराम, इकरून अली, अरशद खान, प्रदीप कुमार, असगर टाई, अख्तर हुसैन (सुपरिटेंडेंट), हाजी अब्बास जयसिंहपुर, नफीस छापड़ा, जीत सिंह सरपंच और सुरेंद्र सिंह सहित अनेक कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दौहला गांव में महिला की हत्या में चचेरा देवर निकला कातिल -जमीन के एक लाख के लेन-देन में की थी हत्या

एजेंसी

गुरुग्राम। सोहना खंड के दौहला गांव में 35 वर्षीय महिला की हत्या की गुत्थी को अपराध शाखा सोहना ने सुलझा दिया है। पुलिस ने मृतका के दाह-संस्कार के 12 घंटे के अंदर ही मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसकी हत्या और किसी ने नहीं बल्कि उसके चचेरे देवर ने ही कराई थी। जमीन के एक लाख के लेनदेन में इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने मुख्य आरोपी चचेरा देवर संदीप निवासी दौहला गांव, उसके साथी अनुज निवासी सहारनपुर उत्तराखंड व अवनिश निवासी रुडकी हरिद्वार को काबू किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि संदीप पहले भारतीय सेना में था, लेकिन धोखाधड़ी के कारण 2023 में उसका कोर्ट मार्शल हो गया था। वह अपने चचेरे भाई (मृतका के पति) की जमीन बिकवाना चाहता था और एक लाख रुपये बयाना भी दिया था। लेकिन मृतका ने सौदा सस्ता होने की वजह से पति से वो एक लाख रुपये वापस करवा दिए। इसी रंजिश में संदीप ने हत्या की साजिश रची। संदीप की मुलाकात सेना में तैनाती के दौरान रुडकी में अनुज से हुई थी, अनुज के जरिए वह अवनिश से मिला। तीनों ने 31 अगस्त को घर की रेकी की। 16 अक्टूबर को सुबह तीनों बाइक से दौहला आए। पहली बार महिला फोन पर बात कर रही थी तो लौट गए। फिर सुबह 10:05 बजे संदीप और अनुज घर में घुसे, अवनिश बाहर पहरा देने लगा। बैग में लाई गई टेप से मुंह बंद किया, रस्सी से हाथ बांधे और गला दबाकर हत्या कर दी। रिमांड में बरामद हुआ लूट का माल पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर लूटा गया सामान एक सोने की अंगूठी, दो सोने के टॉप्स, दो सोने की बालियां, एक सोने की चेन, 34 चांदी की बिछिया, दो मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, एक हेलमेट, एक फर्जी नंबर प्लेट, एक सेलो टेप, एक बैग और जूते। तीनों आरोपियों को अब न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। बता दें कि 16 अक्टूबर की सुबह 7:45 बजे मृतका का पति अपने बच्चों को गढ़ी बाजीदपुर स्कूल छोड़ने गया था। घर पर महिला अकेली थी। दोपहर 02:30 बजे जब पति लौटा तो पत्नी मृत अवस्था में मिली। दोनों हाथ बंधे थे और मुंह पर टेप लगी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति की शिकायत पर थाना सदर सोहना में हत्या का केस दर्ज हुआ।

जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर 16 लाख की ठगी, छह पर केस

100 गज भूखंड का झांसा देकर ली रकम, फर्जी रजिस्ट्री का प्रयास

एजेंसी

नोएडा। 100 गज जमीन की रजिस्ट्री कराने का भरोसा देकर 16 लाख रुपये लेने और बाद में फर्जी रजिस्ट्री कराने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने दिल्ली निवासी महिला की शिकायत पर प्रॉपर्टी कंपनी से जुड़े छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्वी दिल्ली निवासी रीना पांडेय के अनुसार, मामला केडी प्रॉपर्टीज से जुड़ा है, जिसका वर्तमान नाम पूर्वांचल प्रॉपर्टीज है। कंपनी का कार्यालय नोएडा के सेक्टर-153 स्थित अर्बटेक एनपीएक्स की तीसरी मंजिल पर है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने 100 गज जमीन की रजिस्ट्री कराने का आश्वासन देकर उनसे रकम ली। उन्होंने 30 सितंबर



2025 को एक लाख रुपये, 30 नवंबर 2025 को 11.30 लाख रुपये और 22 जनवरी 2026 को 3.70 लाख रुपये ऑनलाइन जमा किए। इस तरह कुल 16 लाख रुपये का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त 4.50 लाख रुपये के दो चेक भी दिए गए थे। पीड़िता ने बताया कि 22 जनवरी 2026 को उन्हें ग्रेटर नोएडा के गामा-2 स्थित रजिस्ट्री कार्यालय ले जाया गया। बाद में पता चला कि जिस व्यक्ति के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री होनी थी, उसके नाम कोई भूमि ही नहीं थी। आरोप है कि उनके साथ फर्जी रजिस्ट्री कराने का प्रयास कर धोखाधड़ी की गई। रीना के मुताबिक, रकम लौटाने के नाम पर कंपनी की ओर से चार-चार लाख रुपये के तीन चेक दिए गए, जिनकी तारीख 10 मई, 25 मई और 10 जून 2026 थी। बैंक में लगाने पर तीनों चेक बाउंस हो गए। उन्हें 25 जून 2026 की तारीख का एक और चेक भी दिया गया, जिसके बाउंस होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने किशन कुमार, दिनेश चौधरी, रोहताश चौहान, गौरव, आकाश और प्रकाश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अमेरिका में काबू किए गए गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का गुरुग्राम में दो बड़े अपराधों में हाथ

एजेंसी

गुरुग्राम। भारत के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ को अमेरिकी एजेंसियों ने गिरफ्तार कर लिया है। हरियाणा एसटीएफ, एनआईए और अन्य एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी के बाद हुई इस कार्रवाई में उसके साथी नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया है। गुरुग्राम पुलिस को उम्मीद है कि इसके भारत आते ही कई बड़े मामलों के राज खुलेंगे। गुरुग्राम में हिमांशु भाऊ का नाम दो बड़ी वारदातों में सामने आया था। पहली वारदात यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर फायरिंग की थी। एल्विश यादव के सेक्टर-57 स्थित घर पर तीन शूटरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। वारदात से पहले एल्विश को करोड़ों की रंगदारी के लिए फोन पर धमकी भी दी गई थी। बाद में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस वारदात की जिम्मेदारी ली गई थी, जिसमें हिमांशु भाऊ का नाम लिखा था। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। दूसरी वारदात बिग बॉय टॉयज कार शोरूम पर फायरिंग की थी। करीब पांच महीने पहले हीरो होंडा चौक के पास बिग बॉय टॉयज कार शोरूम पर भी कई राउंड फायरिंग हुई थी। इसकी जिम्मेदारी भी हिमांशु भाऊ गैंग ने ली थी। गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर में हिमांशु के खिलाफ दर्जनों केस दर्ज हैं। हरियाणा में बढ़ते गैंगवार और रंगदारी के मामलों को देखते हुए हरियाणा एसटीएफ ने अगस्त 2026 में हिमांशु भाऊ, रोहित गोदारा, रणदीप मलिक और अनिल पंडित पर 10-10 लाख रुपये का इनाम घोषित करने की सिफारिश की थी। हरियाणा एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक वसीम अकरम ने बताया कि डिपोर्टेशन की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। हिमांशु को हरियाणा एसटीएफ ही भारत लाएगी। उसके बाद उससे पूछताछ होगी, जिससे विदेश में बैठे दूसरे गैंगस्टरों के नेटवर्क का भी खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस का मानना है

स्किन में निखार और कसाव लाता है विटामिन-सी

आहार में इन चीजों को करें शामिल



विटामिन-सी त्वचा के लिए बहुत खास होता है। त्वचा की रंगत निखारने से लेकर दाग-धब्बों से छुटकारा दिलवाने और यहां तक कि चोट आदि के निशान को भी हल्का करने में यह काफी उपयोगी साबित होता है।

विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना इस विटामिन के फायदे हासिल करने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका है। संतरा, किवी, टमाटर, हरा सेब, नीबू और केला आदि विटामिन-सी के अच्छे स्रोत हैं। इसके अलावा इस विटामिन को अपने ब्यूटी रूटीन में शामिल करने के लिए आप विटामिन-सी युक्त क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। एल-एस्कॉर्बिक एसिड के रूप में यह स्किन केयर प्रोडक्ट्स में पाया जाता है। इसके अलावा बाजार में विटामिन-सी वाला सीरम, पाउडर, लोशन, क्रीम और मास्क भी उपलब्ध है। विशेषज्ञ भी त्वचा से जुड़ी परेशानियों के निदान के लिए इसे इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। शुरुआत में हमेशा कम मात्रा में विटामिन-सी युक्त प्रोडक्ट्स का त्वचा पर इस्तेमाल करें, क्योंकि इस विटामिन को ग्रहण करने की त्वचा की क्षमता में धीरे-धीरे इजाफा होता है। विटामिन-सी का इस्तेमाल त्वचा पर सुबह या रात में करें। दोपहर में इसका इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि विटामिन-सी त्वचा को सूरज की किरणों के प्रति ज्यादा संवेदनशील बना देता है।

कुछ सावधानी भी जरूरी

- इस विटामिन के इस्तेमाल के बाद कुछ लोगों की त्वचा पर दाने निकल आते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो त्वचा रोग विशेषज्ञ की सलाह लें।
- विटामिन-सी के इस्तेमाल से त्वचा थोड़ी संवेदनशील बन जाती है। बेहतर होगा कि आप पैच टेस्ट (त्वचा के थोड़े हिस्से में लगाकर देखने) लेने के बाद ही चेहरे पर इसका इस्तेमाल करें। अगर चेहरे पर जलन एवं खुजली हो या लाल धब्बे निकल आएं तो इस्तेमाल बंद कर दें ।
- क्रीम को ठंडी जगह में सूरज की रोशनी से दूर रखें।

विटामिन सी के फायदे

- एक्ने (कील-मुहांसे) की समस्या से आप भी कभी-न-कभी जूझी होंगी। एक्ने तो देर-सवेर ठीक हो जाते हैं, पर चेहरे पर निशान छोड़ जाते हैं। विटामिन-सी त्वचा की नई कोशिकाओं की निर्माण प्रक्रिया को बढ़ावा देकर इन निशानों को हल्का करने में मदद करती है। विटामिन-सी मेलानिन की निर्माण प्रक्रिया को बाधित कर त्वचा के निशान जल्द ठीक करने में मददगार साबित होती है।
- पिग्मेंटेशन यानी झाइयां होने की ढेर सारी वजहें हैं। पर, विटामिन-सी लोशन का इनके ऊपर नियमित इस्तेमाल कर आप इन झाइयों से छुटकारा पा सकती हैं। विटामिन-सी भले ही झाइयों को पूरी तरह से खत्म न करे, पर यह उन्हें बहुत ही ज्यादा हल्का तो जरूर कर देगा।
- विटामिन-सी के नियमित उपयोग से त्वचा पर अनूठी चमक आती है। यह दाग-धब्बों को हटाकर और रंगत को निखारकर त्वचा को चमकदार बनाता है। विटामिन-सी में एंटीऑक्सिडेंट्स प्रचुर मात्रा में होता है। यह कॉलेजन का निर्माण बढ़ाकर त्वचा को लचीला बनाता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा पर झुर्रियां और बारीक रेखाएं भी कम दिखती हैं। विटामिन-सी सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलट किरणों से भी त्वचा की रक्षा करता है और सुरक्षा परत बनाता है।

Workout का विकल्प नहीं हैं विटामिन सप्लीमेंट

थकान महसूस होने या कमजोरी लगने पर लोग अक्सर हेल्थ सप्लिमेंट्स ले लेते हैं। टीवी पर हेल्थ सप्लीमेंट्स के एड भरे पड़े हैं। मगर डॉक्टर अपना खानपान सुधारने या वर्कआउट करने की सलाह देते हैं। आपको लगता है कि जो विटामिन या मिनरल हम खा नहीं पाते हैं, उन्हें गोलियों के रूप में लेने में हर्ज ही क्या है और सबसे ज्यादा नुकसान करती है यह सोच कि फायदा नहीं करेगा तो कोई नुकसान भी नहीं होगा। हाल ही में हुए एक रिसर्च में आपकी इस परेशानी का हल निकालने की कोशिश की गई है।



डॉक्टर एरिन मिकोस ने बताया कि गोलियों के रूप में लिए जाने वाले ज्यादातर विटामिन न तो असमय मृत्यु के खतरों को कम करते हैं और न ही दिल की सेहत को बेहतर बनाते हैं। यह अध्ययन पिछले महीने में प्रकाशित किया गया था। यह अध्ययन दरअसल विटामिन, मिनरल और अन्य सप्लिमेंट्स का हमारे दिल की सेहत पर पड़ने वाले असर पर किया गया था।

शोधकर्ताओं का कहना है कि विटामिन सप्लीमेंट्स का दिल की सेहत या उम्र में इजाफा (lifespan) करने में कोई योगदान नहीं होता है। समझा जा रहा है कि इस शोध का अरबों डॉलर की सप्लीमेंट इंडस्ट्री पर व्यापक असर होगा। इस शोध पत्र में दिल की सेहत पर खानपान और सप्लिमेंट्स के प्रभाव का अध्ययन अलग-अलग रैंडम क्लीनिकल ट्रायल के जरिए किया गया। उनका कहना है कि इस रिसर्च के नतीजों से उस सोच पर मुहर लगी है, जिसके मुताबिक अच्छी डाइट का कोई विकल्प नहीं है। जब भी कोई अहम तत्व खाने के जरिए और सप्लिमेंट के रूप में लेने के बीच तुलना की गई है, तो खाने के जरिए लिए जाने वाले तत्वों ने हमेशा बाजी मारी है। लिंडर कहते हैं भोजन हमारे शरीर की विटामिन और मिनरल दोनों की जरूरतों को पूरा करते हैं, क्योंकि हमारी बॉडी उन्हें अवशेषित करने के लिए ही बनाई गई है।विशेषज्ञों का कहना है कि बिना स्पष्ट निर्देशों के लोग न सिर्फ अपने पैसे बरबाद करते हैं, बल्कि कई मामले ऐसे भी हुए हैं जब ये सप्लिमेंट्स सेहत पर भी भारी पड़े हैं। इस अध्ययन में यह तो कहा गया है कि ओमेगा 3 फैटी एसिड के सप्लिमेंट्स हार्ट अटैक रोकने में मदद करते हैं। दूसरी तरफ कैल्शियम और विटामिन डी साथ लेने से स्ट्रोक के बढ़ते खतरों के लिए सतर्क भी किया गया है। विशेषज्ञों का कहना कि दिल की सेहत दुरुस्त रखने के लिए ताजे फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाने चाहिए। इसके साथ ही स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए और रेगुलर एक्सरसाइज करना चाहिए।

रेसिपी



फिरनी

सामग्री

- दूध: 1 लीटर
- चावल: 100 ग्राम
- चीनी: 200 ग्राम
- इलायची पावडर: 2 चम्मच
- मलाई: 2 चम्मच
- मिक्स ड्राई फ्रूट: 1/2 कप
- थोड़ी सी केसर

विधि

चावल को धोकर 1 कप पानी में 30 मिनट के लिए भिगोकर रखें। फिर इसका पानी निथारें और चावल को दरदरा पीस लें। एक गहरा पैन लें, उसमें दूध उबालें। जब दूध उबलने लगे, तब उसमें चावल का पेस्ट और चीनी डालें। ऊपर से इलायची पाउडर डालें। इसे 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें। इसे बीच-बीच में चलाती रहें, जिससे यह आपस में चिपके नहीं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए। केसर को 1 चम्मच दूध में घोल लें। केसर के घोल को फिरनी में डालें। इसे सूखे मेवों से गार्निश करें। अब आप फिरनी को फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें और सर्व करें।



दम आलू

सामग्री

- आलू 4
- नमक: स्वाद के अनुसार
- घी या तेल
- बड़ा प्याज 1
- टमाटर का गूदा: 4 चम्मच
- गर्म पानी: 4 चम्मच

विधि

कश्मीरी दम आलू बनाने के लिए सबसे पहले आलुओं को छील लें, इसके बाद उसमें कांटे से छोटे-छोटे छेद कर दें। इसके बाद पानी में हल्का सा नमक डालकर इन्हें दो घंटे तक रख दें। दो घंटे बाद इन्हें निकालकर डीप फ्राई कर लें। इसके बाद दूसरे पैन में घी गर्म करें उसमें प्याज और सभी मसाले लौंग, तेजपत्ता, काली मिर्च के दाने, हरी इलाइची, भूरी इलाइची, टुकड़ा दालचीनी की लकड़ी अच्छी तरह भूनें। इसके बाद थोड़ा बड़ा कटा हुआ प्याज लहसुन की कलियां, चम्मच अदरक, काली मिर्च के दाने, 1 चम्मच खसखस, 1चम्मच धनिया बीज, जीरा, सूखी लाल मिर्च, हल्दी पाउडर, एक चुटकी जायफल का मिक्सर बनाकर अच्छे से मसाले में मिलाकर भून लें। अब इसमें बारीक कटे हुए टमाटर, दही और नमक को अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इसमें फ्राई आलू मिलाकर अच्छे से पकने दें। गर्म मसाला और बारीक धनिया डालकर परोसें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)

मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)

निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)

कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)

ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)

विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)

स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)

शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)

कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)

मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)

स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)

मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ द दे दो चा ची)

अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

काकुरो पहेली - 4050

■	7	24	■	29	8	■	29	3	■
8			6			6			■
15			16 6			9 23			■
■	18				17			10	■
■	■	10 12			19 24				8
■	6 4			17 11			3		
3			8			■	10 24		
7			13 5			8 8			■
■	7				16			■	■
■	■	4			9			■	■

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

6	10	1	2	3	4
	1				
	2				
	3				

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 4049 का हल

■	■	■	7	17	■	■	30	3
■	■	10 29	1	9	■	7	6	1
■	23 8	9	6	8	■	10 8	8	2
8	1	7	■	■	8	1	7	12
15	7	8	10	12	24	7	9	8
■	9	5	1	3	■	4 12	3	1
■	■	14 6	3	9	2	8 3	5	1	2
■	3 9	1	2	7	1	2	4	7
7	1	2	4	■	7	1	2	4
11	8	3	■	■	■	4	1	3

लॉफिंग ज़ोन

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी? खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

रमन (मित्र से)- 'यार तेरा हाथ कैसे फ्रैक्चर हो गया?'

चमन- 'कल मैं तेज मोटरसाइकल चलाकर घर आ रहा था, तभी सामने से एक ट्रक आ गया। मैंने ब्रेक मारा और...।'

रमन- 'उसने तुझे टक्कर मार दी।'

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 4050

1		2	■	3		4		■	5
	■	6			■		■	7	
8	9		■	10	11		■		■
12		■	13			■	14		15
■		■		■	16	17		■	
18		19	■	20	■	21		22	■
	■	23			■		■	24	
25			■	26		■	27		■
	■	■	28		■	29	■	30	31
■	32			■	33			■	

बायें से दायें:-

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4049

बै	ग	ग	■	स	ड़	क	■	आ	■
जू	■	ज	ल्ला	द	■	स	सु	ग	ल
बा	द	ल	■	मा	लि	क	■	ध	■
व	■	■	बा	■	बा	■	बे	ना	म
ग	जा	बा	बू	■	स	रि	ता	■	हा
■	ल	व	■	बे	■	■	ब	से	ग
इ	■	ची	■	खु	द्दा	र	■	■	जा
क	र्ज	■	शा	दी	■	ख	ली	फा	■
बा	■	गै	र	■	दा	वा	■	■	द
ल	ज्जा	■	दा	ग	■	ला	वा	रि	स

सूडोकु -4050

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4049 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

शब्द पहेली - 4050

1	2		3	■	4	■	5		6	7
■		■		■	8			■	9	
10	■	■	11			■		■	■	
12		13		■	14		■	15	16	
	■		■	17		■	18	■		■
19	20		21		■	22		23		24
■		■		■	25		■		■	
26			■	27		■	28			
	■	■	29	■	30			■	■	
31	32	■	33			■		■	34	■
35				■		■	36			

बाएँ से दाएँ

1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
10.सफेद,श्वेत-3
11.हमेशा,सदैव-4
12.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

ऊपर से नीचे

2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

शब्द पहेली -4049 का हल

■	सो	लि	या	गां	धी	■	म	हा	न	ता
खा	ना	■	प	■	र	क्ष	क	■	म	ल
ना	■	म	न	सि	ज	■	र	ग	■	मे
व	ला	त	■	■	वा	दा	■	म	ह	ल
दो	■	दा	■	क	ला	■	आ	■	व	■
श	या	न	क	श	■	दि	शा	ही	न	ता
■	म	■	प	■	ह	ल	■	न	■	क
का	ज	ल	■	शा	म	■	■	त	ह	त
म	■	त	या	■	व	फा	दा	र	■	व
चो	र	■	की	म	त	■	म	■	का	र
र	म	जा	न	■	न	या	न	ज	ल	■



जिन्दगी के हर छोटे-बड़े पल किसी खास के साथ बांटना चाहते हैं करण जौहर

बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर अपनी पेशेवर सफलता के लिए तो हमेशा चर्चा में रहते ही हैं, लेकिन इस बार वह अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी एक भावुक और दिल छू लेने वाली बात को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म जगत में लंबे समय से सक्रिय करण जौहर ने स्वीकार किया है कि वह अपनी जिंदगी में एक ऐसे हमसफर की तलाश कर रहे हैं, जिसके साथ वह अपने रोजमर्रा के अनुभव, खुशियां और खास पल साझा कर सकें। उन्होंने यह खुलकर बातचीत अपने प्रसिद्ध चैट शो कॉफी विद करण के नौवें सीजन के एक विशेष एपिसोड में तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ की। बातचीत के दौरान जब विजय देवरकोंडा ने अदाकारा रश्मिका मंदाना के साथ अपने मजबूत रिश्ते का जिक्र किया और कहा कि वह उनका हाथ हमेशा थामे रखना चाहते हैं क्योंकि उनके साथ रश्मिका सुरक्षित महसूस करती हैं, तब बातचीत का रुख करण की निजी जिंदगी की ओर मुड़ गया। विजय ने जब करण से उनकी जिंदगी की अधूरी इच्छाओं के बारे में पूछा, तो फिल्मकार थोड़े भावुक हो गए। करण ने बेहद ईमानदारी से अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही तकनीकी या कानूनी कारणों से शादी करना उनके लिए शायद संभव न हो, लेकिन वह एक सच्चे और समर्पित रिश्ते की गर्माहट को अपनी जिंदगी में महसूस करना चाहते हैं। करण जौहर, जो कि सेरोगेसी के जरिए जुड़वां बच्चों यश और रूही के सिंगल फादर हैं, ने बताया कि वह चाहते हैं कि उनका आने वाला पार्टनर न केवल उनकी खुशियों में शरीक हो, बल्कि उनके बच्चों के लालन-पालन में भी बराबर का योगदान दे। उन्होंने कहा कि उनके लिए किसी रिश्ते का असली अर्थ केवल खास अवसरों को मनाना नहीं, बल्कि हर दिन की छोटी-छोटी बातों को एक-दूसरे से बांटना और एक-दूसरे का संबल बनना है। वह अपनी जिंदगी में एक ऐसा इंसान चाहते हैं जिसे वह गर्व से अपना कह सकें और जिससे उन्हें सच्चा सम्मान और प्यार मिले। करण की इस दिल से निकली बात को सुनकर विजय देवरकोंडा भी काफी प्रभावित नजर आए। माहौल को थोड़ा हल्का और सकारात्मक बनाते हुए विजय ने मजाकिया लेकिन आत्मीय अंदाज में सभी देवी-देवताओं और शो के मंच से करण की इस इच्छा के पूरे होने की दुआ मांगी। विजय की इस प्रार्थना पर करण जौहर भावुक दिखे और उन्होंने माना कि यह दुआ वाकई दिल की गहराइयों से निकली थी। इस पूरी बातचीत ने यह साफ कर दिया कि अपार सफलता और शोहरत के बावजूद हर इंसान को अपनी जिंदगी में सच्चे साथ और आत्मीयता की जरूरत होती है।

बिपाशा के लिए खास कार्ड बनाया बेटी ने

अभिनेत्री बिपाशा बसु इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज बाराबंकी की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। इस बीच, उनके पति और अभिनेता करण सिंह ग्रोवर ने अपनी बेटी देवी का अपनी मां के प्रति प्यार दिखाते हुए एक मार्मिक पोस्ट साझा की। दरअसल, बिपाशा बसु की गैर-मौजूदगी में उनकी बेटी देवी ने अभिनेत्री के लिए एक खास कार्ड बनाया है। इस कार्ड को करण सिंह ग्रोवर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, जिसमें देवी ने लिखा, आई लव यू मम्मा। कार्ड में बेटी ने आगे अपनी मां को सोलमेट बताते हुए हमेशा उनके साथ रहने की बात लिखी है। करण सिंह ग्रोवर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, जब हम सुबह उठते हैं और तुम यहां नहीं होती, तब भी तुम हमें मुस्कुराने की वजह देती हो और खुशियों से भर देती हो। हम तुमसे बहुत प्यार करते हैं, बिपाशा बसु।





प्राजक्ता कोली ने शेयर किया अपनी सफलता और आत्मविश्वास का राज

डिजिटल क्रिएटर से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया

इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया में मोस्टली सेने के नाम से अपनी खास पहचान बनाने के बाद बॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाने वाली प्राजक्ता कोली आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हाल ही में उन्होंने नेहा धूपिया और अंगद बेदी के लोकप्रिय टॉक शो डबल डेट में शिरकत की, जहां उन्होंने डिजिटल कंटेंट निर्माण से लेकर मुख्यधारा की फिल्मों तक के अपने शानदार सफर के बारे में विस्तार से बातचीत की। प्राजक्ता ने बताया कि कैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उनके करोड़ों दर्शकों के प्यार ने उन्हें अभिनय की बड़ी दुनिया में आत्मविश्वास के साथ कदम रखने की ताकत दी। बातचीत के दौरान प्राजक्ता ने बेहद विनम्रता के साथ कहा कि जब वह किसी बड़ी फिल्म के सेट पर दिग्गज और स्थापित कलाकारों के साथ काम करने जाती हैं, तो उनके मन में यह डर नहीं रहता कि सह-कलाकार उन्हें स्वीकार करेंगे या नहीं। इसके बजाय, उनका पूरा ध्यान इस बात पर केंद्रित रहता है कि जो दर्शक अपना कीमती समय और पैसा खर्च करके सिनेमाघरों में फिल्म का टिकट खरीदते हैं, वे उनके अभिनय से संतुष्ट हों। उन्होंने माना कि सोशल मीडिया की उनकी मजबूत कम्युनिटी उनके लिए एक सुरक्षा कवच और आत्मविश्वास का सबसे बड़ा जरिया बनी है। अपनी डेब्यू ब्लॉकबस्टर फिल्म जुगजुग जिओ की शूटिंग के दिनों को याद करते हुए प्राजक्ता ने साझा किया कि वह उनके करियर का एक बहुत बड़ा मोड़ था। उस फिल्म में अनिल कपूर, नीतू कपूर, वरुण धवन, कियारा आडवाणी और करण जौहर जैसे हिंदी सिनेमा के बड़े नाम शामिल थे। इतने बड़े सितारों के बीच काम करने के बावजूद प्राजक्ता ने अपना संयम बनाए रखा। उन्होंने कहा कि सेट पर मौजूद हर वरिष्ठ और साथी कलाकार ने उनके साथ बेहद गर्मजोशी और सम्मानजनक व्यवहार किया, जिससे उन्हें अपनी भूमिका को निखारने में काफी मदद मिली। प्राजक्ता का मानना है कि एक कंटेंट क्रिएटर के तौर पर सालों तक दर्शकों से सीधे जुड़े रहने की वजह से वह आम लोगों की पसंद और उम्मीदों को बेहतर ढंग से समझ पाई हैं। यही वजह है कि जब वह कैमरे के सामने आती हैं, तो उनका उद्देश्य केवल अपने किरदार में जान फूंकना होता है ताकि उनका अनुसरण करने वाले प्रशंसक उन पर गर्व कर सकें। प्राजक्ता कोली की यह कहानी आज के युवाओं और नए डिजिटल क्रिएटर्स के लिए एक प्रेरणा है कि मेहनत और ईमानदारी के दम पर किसी भी मंच से बॉलीवुड की बुलंदियों तक पहुंचा जा सकता है।

आउटसाइडर को मौका मिलना बड़ी बात

छोटे पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के बाद अब एक्ट्रेस ईशा मालवीय बड़े पर्दे पर अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने को लेकर ईशा काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि, पहली फिल्म को लेकर उनके मन में घबराहट भी है लेकिन वह इस मौके को लेकर ज्यादा खुश हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि एक आउटसाइडर होने के बावजूद उन्हें बड़े पर्दे पर काम करने का मौका मिला है, जो उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। ईशा मालवीय ने बातचीत में अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ''पहली फिल्म होने की वजह से मैं नर्वस हूं और मुझे डर भी लग रहा है लेकिन मेरी खुशी नर्वस होने से कहीं ज्यादा है। एक आउटसाइडर के तौर पर बड़े पर्दे तक पहुंचना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं इस मौके को लेकर काफी एक्साइटेड हूं और अपनी फिल्म को दर्शकों के सामने लाने का इंतजार कर रही हूं।' 'ईशा मालवीय ने कहा, ''मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं। मुझे लगता है कि अब तक मैंने जो मेहनत की है, जिंदगी में जिन मुश्किलों का सामना किया है और मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए मेरे माता-पिता ने जो परेशानियां झेली हैं, उन सबका नतीजा अब सामने आ रहा है। मैं फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेयू करने जा रही हूं। इसके लिए मैं बहुत खुश हूं।'' ईशा ने कहा, ''मेरे लिए अभी भी इस बात पर यकीन करना आसान नहीं है कि मैं सच में बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। मुझे कई बार ऐसा लगता है, जैसे मैं कोई सपना देख रही हूं। हालांकि, जब मैं फिल्म से जुड़े लोगों को अपने साथ देखती हूं, तो मुझे इस बात का एहसास होता है कि मेरा सपना अब हकीकत बन रहा है। यह मेरे लिए अनुभव काफी खास है और मैं इस नए सफर को लेकर उत्साहित हूं।'' अपनी फिल्म 'तुम मेरे हो' को लेकर ईशा ने कहा, 'मुझे उमीद है कि यह उन दर्शकों को पसंद आएगी, जो पर्दे पर एक सिंपल लव स्टोरी देखना चाहते हैं। हम दर्शक के तौर पर असर शिकायत करते हैं कि अच्छी फिल्में नहीं आ रही हैं। फिल्मों में बहुत हिंसा और खून-खराबा है। रोमांस कहां है? एक सिंपल लव स्टोरी कहां है? इसलिए हम आपके लिए 'तुम मेरे हो' लेकर आए हैं।' फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ एक्टर गुरमीत चौधरी भी नजर आएंगे।

अब सनी देओल और श्रद्धा कपूर से भिड़ेंगे सलमान!



सलमान खान के फैन्स के लिए गुड न्यूज है. लंबे क्वत से उनकी फिल्म 'मातृभूमि' अटकी हुई थी. पहले 'बैटल ऑफ गलवान' से टाइटल ही बदल दिया गया, जिसके बाद फिल्म में काफी बदलाव किए गए हैं. लेकिन कुछ वक्त पहले ही फिल्म को क्लीयरेंस मिल गई थी. तमाम अड़चनों को पार करने के बाद कुछ समय पहले ही इस फिल्म का सेंसर बोर्ड और सरकार की ओर से रास्ता साफ हो गया है. रिलीज डेट को लेकर भी दो डेट्स पर चर्चा चल रही. एक है नवंबर 20 और दूसरे डेट है- 4 दिसंबर. मुश्किल सफर के बाद सलमान खान की 'मातृभूमि' 2026 के आखिर में रिलीज होने की रेस में वापस आ गई है. एक रिपोर्ट से पता लगा कि फिल्म को 20 नवंबर या 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज करने की ह्वलानिंग है. अगर यह 20 नवंबर को रिलीज होती है, तो इसका मुकाबला सनी देओल की 'सूर्या' से होगा. वहीं, अगर यह 4 दिसंबर को आती है, तो इसका सामना श्रद्धा कपूर की 'ईठा' से होगा. हालांकि, फिलहाल रिलीज डेट की प्लानिंग चल रही है, मेकर्स ने कोई ऑफिशियल ऐलान डेट को लेकर नहीं किया है.



प्रभास की 'सालार 2' पर बड़ा अपडेट, अगले साल जून में शुरू हो सकती है शूटिंग

साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सालार-पार्ट 1- सीजफायर' ने साल 2023 में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी इस एक्शन फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म की कहानी खानसार की काल्पनिक दुनिया में दिखाई गई थी, जिसने अपने बड़े पैमाने और दमदार एक्शन से दर्शकों के बीच अलग पहचान बनाई। अब इसके सीक्वल 'सालार-पार्ट 2- शौर्यांग पर्व' को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है, जिसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है।


प्रभास के जन्मदिन के मौके पर निर्देशक प्रशांत नील ने उनसे मुलाकात की। इस खास मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसमें दोनों एक-दूसरे को गले लगाते और हंसी-मजाक करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में प्रभास अपने अंदाज में प्रशांत नील से जन्मदिन के तोहफे के बारे में पूछते हैं। इस पर निर्देशक मुस्कुराते हुए कहते हैं कि 'सालार 2' खुद ही उनके लिए एक गिफ्ट है। इस बातचीत ने फिल्म के सीक्वल को लेकर चर्चा तेज कर दी है।

अगले साल जून में शुरू होगी 'सालार 2' की शूटिंग

सामने आई जानकारी के मुताबिक, 'सालार-पार्ट 2- शौर्यांग पर्व' की शूटिंग अगले साल जून में शुरू होने की योजना है। इस खबर के बाद फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ गया है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग से जुड़ी इस जानकारी को लेकर आधिकारिक पुष्टि और आगे के अपडेट पर नजर बनी हुई है।

'हाउसफुल 4' के सात साल पूरे, कृति खरबंदा ने याद किया अपना शाही अंदाज

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति खरबंदा ने अपनी फिल्म 'हाउसफुल 4' के सात साल पूरे होने पर इससे जुड़ी यादें ताजा की हैं और फिल्म का हिस्सा बनने के लिए आभार जताया है।वर्ष 2019 में रिलीज हुई कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 4' की सालगिरह पर कृति ने सोशल मीडिया पर एआई से तैयार एक वीडियो साझा किया, जिसमें फिल्म से उनका शाही लुक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने इसके साथ भावुक संदेश साझा करते हुए लिखा, 卐फिल्म, इस अनुभव, पूरी टीम और बेशक हमारे दर्शकों के लिए आभारी हूं!卐 फिल्म में कृति खरबंदा दोहरी भूमिका में नजर आई थीं। उनके पारंपरिक परिधानों, खूबसूरत आभूषणों और राजसी अंदाज ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया था। फिल्म में अलग-अलग समयावधियों में उनके किरदारों के लुक और व्यक्तित्व में अंतर भी देखने को मिला था। कृति की इस पोस्ट ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा कर दिया है। अभिनेत्री ने अपने संदेश के जरिए फिल्म की पूरी टीम और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और प्यार ने इस अनुभव को उनके लिए यादगार बनाया।





कन्नड़ सुपरस्टार यश ने भी की साई पल्लवी की तारीफ

अपकमिंग फिल्म रामायण में माता सीता का किरदार निभा रहीं दक्षिण भारतीय अभिनेत्री साई पल्लवी की बीते दिनों अभिनेता रणबीर कपूर ने जमकर तारीफ की थी। अभिनेता रणबीर के बाद फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे कन्नड़ सुपरस्टार यश ने भी साई पल्लवी की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने दर्शकों से साई पल्लवी को प्यार और आशीर्वाद देने की भी अपील की है, जिससे यह साफ होता है कि टीम को उनके अभिनय पर कितना भरोसा है। शुरुआत में, साई पल्लवी को सीता के रोल में कास्ट किए जाने पर लोगों ने काफी सवाल उठाए थे, लेकिन फिल्म के कलाकारों द्वारा मिल रही सराहना ने उन सभी संदेहों को दूर कर दिया है। हाल ही में नितेश तिवारी की फिल्म रामायण का इंटरनेशनल ट्रेलर लॉन्च किया गया था, जिसमें कई नए और दिलचस्प सीन देखने को मिले। इस लॉन्च इवेंट के दौरान यश ने साई पल्लवी को लेकर खुलकर बात की।

उन्होंने बताया कि साई पल्लवी बेहद धार्मिक स्वभाव की हैं और उन्हें जब भी वक्त मिलता है, वह मां सीता को याद करने लगती हैं। यश ने इस बात पर जोर दिया कि साई पल्लवी भगवान में बहुत ज्यादा विश्वास रखती हैं और ईश्वर के प्रति उनके मन में खास श्रद्धा है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि साई को सीता का रोल निभाने का मौका मिला। उनमें इस रोल के लिए टैलेंट भी है और उनका दिल भी बहुत अच्छा है। उन्होंने दर्शकों से अपील की कि वे साई पल्लवी को इस रोल में अपना प्यार दें और उन्हें अपना आशीर्वाद दें। यह पहली बार नहीं है कि किसी ने साई पल्लवी की इतनी तारीफ की हो। इससे पहले फिल्म में भगवान राम का रोल निभाने वाले रणबीर कपूर ने भी लॉस एंजिल्स में हुए एक इवेंट के दौरान उनकी जमकर प्रशंसा की थी।

रणबीर ने कहा था कि साई पल्लवी एक बेहतरीन स्टार हैं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने पहली बार साई पल्लवी को माता सीता के गेटअप में देखा, तो वह हैरानी से नितेश तिवारी की ओर देखने लगे थे और सोचने लगे थे कि इनसे बेहतर इस किरदार के लिए कोई नहीं हो सकता था। रामायण एक विशाल परियोजना है जिसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता और यश रावण के सशक्त किरदारों में दिखाई देंगे। इसके अलावा, फिल्म में सनी देओल हनुमान, रवि दुबे लक्ष्मण, कुणाल कपूर इंद्र, रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा, लारा दत्ता कैकेयी और दिग्गज अभिनेता अरुण गोविल राजा दशरथ के रोल में नजर आएंगे। नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण जल्द ही बडे पर्दे पर रीलिज होने वाली है।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।